# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025



## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का पहला "20 बिस्तरों का आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल"



पंचकर्म यूनिट



मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

तुरंत राहत | कम लागत

पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई

ये लक्षण – पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध



मा.मुख्यमंत्री- श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित


### उपलब्ध सेवाएं

पेन (दर्द) | पंचकर्म | पाईल्स | बाल्य चिकित्सा
स्त्री रोग | स्किन | फिजियोथेरेपी | ओ.टी.
डीलक्स रुम | प्राइवेट रुम | मेडिकल | पैथ लैब



मा. पूर्व मुख्यमंत्री- श्री भुपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित

### हमारे विशेषज्ञ



**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 27 Years of Experience

**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 15 Years of Experience

**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 4 Years of Experience

**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
4 Years of Experience

**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 3 Years of Experience

**Dr. Aastha Sanadhya**
BAMS
1 Years of Experience



**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany), 9 Years of Experience | Reg. No. 03858A

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2024 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 12000+ Students from 27+ Countries | Top Placements & Internships

**NEP 2020 IMPLEMENTED!**

# EARLY ADMISSION:

## BENEFITS YOU CAN NOT MISS

**SUCCESS DOESN'T WAIT. WHY SHOULD YOU?**



- Priority program selection - pick what you want to study.
- Access to exclusive scholarship opportunities.
- Claim your preferred hostel room - first come, first serve.
- One-to-one career counselling & guidance for course selection.
- Get guidance about the new education policy.
- Early campus tour & introduction to campus facilities.
- Access to bridge courses.
- Access to centres of excellence.
- Avoid last-minute hassle.

## ADMISSIONS OPEN 2025-26!



**KALSEE** Exam Scholarship (2025-26):

You Can Get an Extra Scholarship Based on Marks Obtained in **KALSEE** Entrance Exam

- **80 and Above**: 20% Extra Scholarship on tuition fees
- **70-79**: 15% Extra Scholarship on tuition fees
- **60-69**: 12.5% Extra Scholarship on tuition fees
- **50-59**: 10% Extra Scholarship on tuition fees

To avail of the Scholarship, Register Before- **28TH FEBRUARY 2025**

## PROGRAMS

- **ENGINEERING**
  Diploma | B.Tech | M.Tech
- **MANAGEMENT**
  BBA | MBA
- **LAW**
  BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM
- **ARTS & HUMANITIES**
  BA | BA (J & MC) | BSW
  MA | MA (J & MC) | MSW
- **PHARMACY**
  D.Pharmacy | B.Pharmacy
  B.Pharmacy (Practice) | Pharm.D
  M.Pharmacy
- **INFORMATION TECHNOLOGY**
  DCA | PGDCA | BCA | MCA | M.D.Sc.
- **DESIGN**
  Bachelor of Fashion Design
  Bachelor of Interior Design
  Master of Fashion Design
  Master of Interior Design
- **RESEARCH**
  Ph.D.
- **EDUCATION**
  B.P.Ed. | B.Ed. | MA.Ed. | MA.(P.Ed)
- **LIBRARY & INFORMATION SCIENCE**
  B.Lib. | M.Lib.
- **YOGA**
  Diploma | B.Sc. | PG Diploma | M.Sc.
- **SCIENCE**
  B.Sc. - ZBC / PCM
  B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology)
  M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology / Botany)
- **COMMERCE**
  B.Com. | B.Com. Hons. (with CA / CS / ICWA Coaching) | B.Com. Hons. (Banking & Finance) | B.Com. Hons. (Taxation & GST)
  M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

#Rajesh9926308899

**THE FUTURE BELONGS TO THOSE WHO START TODAY. REGISTER NOW FOR THE ENTRANCE EXAM!**

## NEW AGE PROGRAMS

For recruitment purpose call on - **+91-9303097012**

- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- BCA in **AI & ML**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- Bachelor and Master of **Animation & VFX**
- B.Design & M.Design in **User Experience (UX)**
- Bachelor & Master of CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- BA & MA in **Film Making** In collaboration with Nira Edicon

**+91-9907252100**

- Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
- City Office: 1st Floor, SLT Waterfront, Opp. Telibandha Talab, Raipur – 492001
- Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**जमानत गंवाने वाले सभी प्रत्याशी सामान्य वर्ग के**

**कुल मतदान का 6 प्रतिशत वोट पाने से बचती है जमानत**


*पंच के लिए 50 रुपए, सरपंच के लिए 1000, जनपद सदस्य 2000, और जिला पंचायत सदस्य के लिए यह राशि 4000 रुपए होती है जमानत राशि*

# पंचायत चुनाव का ऐसा क्रेज, पिछली बार डेढ़ लाख ने लड़ा चुनाव
# 58 हजार की जमानत जब्त, 3 करोड़ 34 लाख रुपए भी डूब गए

**बीते चुनाव में 19 हजार से ज्यादा सरपंच प्रत्याशी नहीं बचा पाए थे जमानत, पंचों की संख्या 33207**

खास खबर

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इस समय हो रहे स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए हजारों पुरुष, महिलाएं और युवा बैंड बाजों के साथ चुनाव के लिए अपने नामांकन भर रहे हैं और खुद की प्रतिष्ठा साबित करने के लिए जमानत की राशि भी अदा कर रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोगों को इस बात की परवाह भी नहीं होगी कि उन्हें मिलने वाले वोट उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा और जमानत की राशि बचा पाएंगे भी या नहीं। आंकड़े बताते ▶▶ शेष पेज 5 पर




## गांव-गांव में प्रतिष्ठा का चुनाव

राज्य में स्थानीय निकायों खासकर पंचायतों के चुनाव में बनने वाला सियासी माहौल खासा दिलचस्प होता है। पंच, सरपंच से लेकर जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों के प्रत्यक्ष चुनाव भारी प्रतिस्पर्धा से भरे होते हैं। इन चुनावों की सबसे पहली सीढ़ी पंच और सरपंच के चुनाव होते हैं। कोई भी पुरुष या महिला अगर राजनीति के क्षेत्र में भविष्य आजमाना चाहता है उसके भविष्य का दरवाजा इन चुनावों में मिलने वाली जीत से तय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जमानत बचाना बड़ी चुनौती

पंचायतों के चुनाव लड़ने वालों के लिए निर्वाचन आयोग ने जमानत की राशि तय की है। पंच के लिए 50 रुपए, सरपंच के लिए 1000, जनपद सदस्य 2000, और जिला पंचायत सदस्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

**इधर, अच्छी पहल**

## ग्रामीणों ने चौपाल लगाकर चुन लिया गांव का मुखिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सियासी गरमी छाई हुई है। गांव की गलियों में पंच-सरंपच को लेकर चर्चाओं और बैठकों का दौर जारी है, लेकिन प्रदेश में एक ऐसी पंचायत भी है, जहां प्रत्याशी के विजयी होने की खुशियां मनाई जा रही है। नक्सलगढ़ के नाम से देश-दुनिया में विख्यात बस्तर से यह खबर आई है। बस्तर के गुमगा ग्राम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बारसूर नपं से गीता निर्विरोध



**दंतेवाड़ा।** बारसूर नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी गीता बघेल का एक मात्र नामांकन दाखिल हुआ। दूसरे दल के किसी प्रत्याशी ने उनके खिलाफ नामांकन ही नहीं भरा। इस निर्विरोध नामांकन से भाजपा में खुशी का माहौल दिखा।






**खबर संक्षेप**

### उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन 31 को छग प्रवास पर



**रायपुर।** उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 31 जनवरी को छग प्रवास पर रहेंगी। वे यहां गुजरात के एनजीओ क्राफ्टरूट्स और संस्था कस्तूरी कुंडल के सहयोग से आयोजित एक क्राफ्ट बाजार में शामिल होंगी।

### इसरो के 100वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू



**श्रीहरिकोटा।** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के ऐतिहासिक 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 27 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हो गई। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन होगा।

**परीक्षण के दौरान रक्त सुरक्षित रखने उपयोग किया जाता है ईडीटीए ट्यूब**

# जिस ईडीटीए ट्यूब को दवा निगम ने 2352 में खरीदा, वो हरिभूमि को 1 रुपए 70 पैसे में मिला

विकास शर्मा ▶▶ रायपुर

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि की टीम ने इसकी उपलब्धता और कीमत जानने दवा बाजार को खंगाला तो ट्यूब की वास्तविक कीमत सौ गुना से ज्यादा निकली। मेडिकल कांप्लेक्स के सर्जिकल स्टोर में इस तरह के सौ नग ट्यूब की कीमत 200 रुपए थी जिसे मोलभाव करने पर 170 रुपए यानी प्रतिनग 1.70 रुपए के हिसाब से सप्लाई करने के लिए दवा कारोबारी तैयार हो गया। दवा कारोबारी ने बताया कि अलग-अलग रंग और कंपनियों के हिसाब से ईडीटीए ट्यूब का बाजार में ढेर है और इसकी कीमत ज्यादा से ज्यादा 7 या 8 रुपए है। टीम हरिभूमि ने जब ई-फार्मेसी में इसकी कीमत जानने सर्च किया तो चौंकाने वाले रिजल्ट सामने आए सबसे कम कीमत 1.43 पैसे में 2 एमएल की एडीटीए के-3 नॉन वैक्यूम ब्लड क्लेशन ट्यूब का था। ऑनलाइन बाजार में भी करीब आधा दर्जन कंपनियां के प्रोडक्ट ऑनलाइन आर्डर के लिए तैयार थे। ईओडब्लू के अफसर द्वारा कराई गई एफआईआर में इस ट्यूब की अधिकतम कीमत 8.50 रुपए प्रति नग बताया गया था। मगर मोक्षित कार्पोरेशन के प्रति तात्कालीन अफसर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**रीएजेंट सहित अन्य उपकरणों की खरीदी के नाम पर महाघोटाला करने वाले सीजीएमएससी के अफसरों और दवा सप्लायर के खिलाफ एफआईआर और छानबीन शुरू हो गई है। एफआईआर में ईओब्ल्यू ने दवा निगम के महाघोटाले की दास्तां दर्ज की है। उसमें ईडीटीए ट्यूब की खरीदी का जिक्र है। दवा निगम के अफसरों ने प्रतिनग ट्यूब की खरीदी के लिए 2 हजार 352 रुपए दर तय किया था। हरिभूमि ने आज बाजार जाकर उसकी कीमत जानी। मेडिकल उपकरण विक्रेता ने हरिभूमि को 1 रुपए 70 पैसे में देने के लिए तैयार हुआ। वहीं ऑनलाइन भी 1 से 3 रुपए में ढेरों ट्यूब उपलब्ध हैं। इससे पता चलता है कि अफसरों और दवा सप्लायरों ने सामूहिक लूट के लिए गठजोड़ कर इस महाघोटाले को अंजाम दिया।**

## दवा बाजार में ढेरों कंपनियां, ऑनलाइन में भी सस्ते दरों पर उपलब्ध है ट्यूब








### 5 लाख की सीबीसी मशीन 17 लाख में

इतना ही नहीं रक्त संबंधी विभिन्न तरह की जांच करने के लिए उपयोग की जाने वाली सप्लायर एजेंसी मोक्षित कार्पोरेशन की सीबीसी मशीन की कीमत दवा कार्पोरेशन के अफसरों ने 17 लाख रुपए आंका था। उस तरह की विभिन्न कंपनियों की जांच मशीन अधिकतम पांच लाख रुपए में आसानी से मिल जाता है। अफसरों ने इस घोटाले के दौरान इस बात का पूरा ध्यान रखा था कि सप्लायर एजेंसी को बड़ा नुकसान ना हो इसलिए बिना डिमांड के ही करोड़ों रुपए के रीएजेंट उन स्वास्थ्य केंद्रों को भेज दिया जहां उसकी जरूरत ही नहीं थी।




**एफआईआर में 2352 रुपए में खरीदने का है जिक्र**



### क्या है ईडीटीए ट्यूब

अब जरा जान लीजिए कि एथिलीनडायमीनेटेट्राएसेटिक एसिड (ईडीटीए) ट्यूब है क्या है। यह एक प्रकार की रक्त संग्रह ट्यूब है जिसका उपयोग चिकित्सा प्रयोगशालाओं में कुछ प्रकार के रक्त परीक्षणों के लिए किया जाता है। यह ट्यूब कांच या पीईटी से बनी होती है। इस प्रकार की ट्यूब का उपयोग आम तौर पर उन परीक्षणों के लिए किया जाता है जिनमें पूरे रक्त या प्लाज्मा की आवश्यकता होती है, विशेष रूप से वे जिनमें हेमटोलॉजिकल विश्लेषण शामिल होता है, जैसे कि पूर्ण रक्त गणना सीबीसी, रक्त टाइपिंग और रक्त कोशिका आकृति विज्ञान परीक्षणों में किया जाता है।

### एमडी ने कर दिया नियम बदलने से इंकार

*जब इस अंधाधुंध खरीदी को अंजाम दिया जा रहा था तो एक सप्लायर कंपनी मेरिल डायग्नोस्टिक एवं ट्रान्सिया बायोमेडिकल द्वारा निविदा के स्पेसिफिकेशन में बदलाव करने की सलाह दी थी। उनका तर्क था कि स्पेसिफिकेशन कुछ परिवर्तित किये जाये तो इस निविदा प्रक्रिया में अधिक कंपनियां भाग ले सकेंगी। इससे बेहतर क्वालिटी के मेडिकल एक्युपमेंट प्राप्त हो सकते है तथा इससे निविदा की प्रतिस्पर्धा बढ़ने से शासन को कम दर पर मेडिकल एक्युपमेंट प्राप्त हो सकते है। स्वास्थ्य संचालनालय के डिप्टी डायरेक्टर द्वारा एमडी सीजीएमएससी को इस मामले में सूचित किया गया था मगर उन्होंने मोक्षित कंपनी को लाभ पहुंचाने टेंडर प्रक्रिया में बदलाव से इंकार कर दिया।*

### अफसर भी आएंगे चपेटे में

*जांच में केवल दवा सप्लायर, मोक्षित कारपोरेशन से जुड़े अफसर ही नहीं आ रहे हैं। इस महाघोटाले में दो आईएएस समेत स्वास्थ्य संचालनायल से जुड़े अफसर भी चपेटे में आएंगे। सूत्रों के अनुसार दर्जनभर अफसरों को जल्द पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। उन्हें नोटिस भेजने की तैयारी चल रही है।*

# बजट सत्र 31 से, 1 फरवरी को आएगा बजट

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु हो जाएगी।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी शुरुआत**

### 30 को बैठक

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बजट सत्र के सुचारू संचालन के मद्देनजर चर्चा के लिए 30 जनवरी को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### पहले चरण में नौ बैठकें

बजट सत्र के पहले चरण में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं। विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है।

**धमतरी में तैनात था कबीरधाम का निवासी**

# चुनाव ड्यूटी पर तैनात जवान ने खुद को मारी गोली, मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ईवीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात एक गार्ड ने खुद को गोली मार ली। इस घटना के बाद पूरे कलेक्टोरेट में हड़कंप मच गया। आरक्षक कबीरधाम जिले का रहने वाला है। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। शाम को घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच के बाद शव को जिला अस्पताल के शव परीक्षण गृह में शिफ्ट किया गया है। घटना मंगलवार की है। स्ट्रांग रूम में ईवीएम की छंटाई चल रही थी। दोपहर तीन बजे अधिकांश कर्मचारी लंच पर चले गए। कुछ कर्मचारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अफसर पहुंचे घटनास्थल

खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। आवश्यक जांच के बाद शव को जिला अस्पताल के शव गृह में शिफ्ट कर दिया गया है। सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा।

**सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार**

# बुमराह बने क्रिकेटर ऑफ द ईयर दो दिन में मिला दूसरा सम्मान

एजेंसी ▶▶ दुबई



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिए चुना गया, जिन्होंने वर्ष 2024 में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए हर प्रारूप में कौशल, निरंतरता और सटीक प्रदर्शन में उत्कृष्टता की मिसाल कायम की।

### 7 साल बाद आया भारतीय का नाम


आईसीसी के इस अवॉर्ड के लिए 7 साल बाद किसी भारतीय का नाम आया है। पिछली बार विराट कोहली को इस अवॉर्ड से नवाजा गया था। राहुल द्रविड़ (2004), सचिन तेंदुलकर (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2017 और 2018) को यह पुरस्कार मिल चुका है।











# ग्रामीण/शहरी रणभूमि



## भाजपा को मिलेगा ऐतिहासिक जनादेश : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगम सहित, नगर पालिका में भी भारतीय जनता पार्टी को सफलता प्राप्त होगी। मोदी जी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा करने के कारण प्रदेश भर में भाजपा के प्रति विश्वास का वातावरण है। इसी विश्वास की बदौलत हमें इस चुनाव में भी ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा।



## कांग्रेस की जीत निश्चित : बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमने पूरे नगरीय निकाय में बेहतर काम किया है। रायपुर में 15 साल तक हर वर्ग के लिए काम किया है, इसका फायदा मिलेगा। महापौर के लिए इस बार भी बेहतर प्रत्याशी का चयन किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्र में साय सरकार में एक ढेला काम नहीं हुआ है। कांग्रेस की जीत इस बार भी निश्चित है।

● राजनांदगांव निकाय चुनाव

# महापौर टिकट के थे दावेदार, अब पार्षद चुनाव लड़ने को हुए तैयार

संस्कारधानी का हर चुनाव हमेशा से हाट सीट वाला एवं वीवीआईपी रहा है। अब नगर निगम चुनाव की सरगर्मी पूरे शबाब पर है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा और कांग्रेस से अनेक नेता महापौर टिकट की कतार में थे। जिनमें से कुछ लोगों को पार्षद टिकट मिली। जिससे वे संतुष्ट का भाव प्रदर्शित कर रहे हैं।

■ समय कम मिलने से नामांकन भरने प्रत्याशियों में आपाधापी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

51 वार्डों वाले शहर के नगर निगम में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच होना है। ऐसे में दोनों राजनीतिक दल के कुछ दिग्गज नेता एवं लगातार पांच वर्षों से पार्षद रहकर वार्ड की सेवा कर रहे नेता सहित निगम में प्रमुख पदों पर रहे कार्यकर्ताओं ने चुनाव से पूर्व ही महापौर चुनाव लड़ने की आस में विगत कई वर्षों से अपनी-अपनी तैयारियां और लोगों के बीच मेल-मुलाकात व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सतत प्रयास करते रहे।

## प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही राजनीतिक सरगर्मी तेज

### लगाया था एड़ी-चोटी का जोर

*आलम यह रहा कि महापौर की टिकट की चाह रखने वाले नेताओं ने अपनी ऐड़ी-चोटी का जोर भी लगा दिया। आए दिन राजधानी पहुंचकर वरिष्ठ नेताओं के बीच लाबिंग करते रहे। एक अनार सौ बीमार वाली कहावत महापौर प्रत्याशी की टिकट के लिए साबित हुई। अंततः भाजपा से महापौर प्रत्याशी के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं कांग्रेस से युवा नेता निखिल द्विवेदी के नाम पर पार्टी द्वारा मुहर लगाए जाने के बाद अन्य नेता जो महापौर प्रत्याशी के लिए जद्दोजहद कर रहे थे, वे उनमें कुछ नेताओं को पार्षद टिकट मिलने पर संतुष्ट होना पड़ गया।*




### महापौर के कई दावेदारों को मिली पार्षद की टिकट

*इसके अलावा कई नेताओं ने अपने वरिष्ठ नेताओं के समक्ष बड़ी संख्या में अपने साथ समर्थकों की भीड़ लेकर खुलकर टिकट की मांग की थी। महापौर की टिकट ना मिल पाने की स्थिति में इस रेस को छोड़ अब पार्षद प्रत्याशी की टिकट मिलने पर संतुष्टि जता रहे हैं एवं पार्टी के आदेश का पालन करने की बात भी अपने समर्थकों से कर रहे हैं। हालांकि महापौर के कई दावेदारों को पार्षद की टिकट से भी दोनों राजनीतिक दलों से वंचित होना पड़ा है।*

### जमकर हुई थी लाबिंग

*ज्ञात हो कि भाजपा से महापौर प्रत्याशी की रेस में मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, शिव वर्मा, किशुन यद्दु, आलोक श्रोती, मोनू बहादुर सिंह, कमल सोनी, राजा माखीजा, कांग्रेस से कुलबीर छाबडा, रूपेश दुबे, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, हफीज खान, संतोष पिल्ले, सुनिता फड़नवीस, सुदेश देशमुख सहित अन्य प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शामिल थे। लगातार अपने-अपने दावेदारी को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेताओं के समक्ष लाबिंग भी कर रहे थे।*

### वर्षों से हैं निगम की राजनीति में सक्रिय

इधर सरसरी तौर पर राजीनिक दलों द्वारा पार्षद की टिकट जिन प्रमुख नेताओं को मिली है, वे निगम की राजनीति में वर्षों से सक्रिय हैं। जिसमें कांग्रेस नेता कुलबीर छाबड़ा, हफीज खान, संतोष पिल्ले एवं भाजपा से शिव वर्मा, पारस वर्मा पांच से तीन कार्यकाल तक वार्डों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और फिर इस बार चुनावी मैदान में हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी आज जमकर चर्चा है कि नगर निगम का चुनाव एवं चुनावी नजारा काफी दिलचस्प होगा।

### जमकर शक्ति प्रदर्शन नामांकन दाखिल करने मची आपाधापी

राजनीतिक दलों द्वारा नामांकन के दिन से एक-दो दिन पूर्व महापौर सहित पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की होड़ लगी रही। भाजपा प्रत्याशी द्वारा शक्ति प्रदर्शन कर बाजे-गाजे एवं जुलूस के साथ नामांकन दाखिल करने का माहौल रहा। जिसमें युवा वर्ग से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता देखते ही बनती थी। कांग्रेस प्रत्याशी का कल बुधवार को शहर में रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी है।

● रोचक खबरें

# आईएएस इफ्फत आरा बनीं रायपुर की सामान्य प्रेक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए (आई.ए.एस.) श्रीमती इफ्फत आरा, सामान्य प्रेक्षक नियुक्त की गई हैं। आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या को प्रेक्षक से साझा कर सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सिविल लाइन, रायपुर स्थित सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 304 में आमजन से मुलाकात करेंगी। साथ ही, प्रेक्षक से उनके मोबाइल नंबर 9993000787 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

आज सामान्य प्रेक्षक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के साथ नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।

# मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा में नहीं कर सकते चुनाव प्रचार, प्रत्याशियों को आचरण संहिता माननी होगी

छत्तीसगढ़ में हो रहे स्थानीय निकायों के चुनाव में भले ही कितनी भी सियासी खींचतान हो। प्रतिस्पर्धा किस भी तरह की हो, लेकिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई सामान्य आचरण संहिता का पालन हर हाल में करना ही होगा। खास बात ये है कि चुनाव में किसी भी रूप में धर्म का सहारा नहीं लिया जा सकता है, न ही धर्म स्थलों, जैसे मंदिर,मस्जिद, गिरजाघर, और गुरुद्वारा में जाकर कोई प्रत्याशी चुनाव प्रचार कर सकता है।

## जहां कही भी आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतें मिलेंगी वहां कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चुनाव के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन प्रत्याशियों को करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं, साथ ही आदर्श आचरण संहिता के पालन पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। जहां कही भी इस संहिता के उल्लंघन की शिकायतें मिलेंगी वहां कार्रवाई की जाएगा। चुनाव लड़ने वाले खासकर ऐसे प्रत्याशी जो पहली बार चुनाव मैदान में है, वे चाहे किसी राजनीतिक दल के प्रत्याशी हों या निर्दलीय उन्हे इस संहिता का पालन हर हाल में करना होगा।



### मतदाता को रिश्वत लालच नहीं दे सकते

आयोग ने साफ किया है कि चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित हो जैसे 5 मतदाताओं को रिश्वत या किसी प्रकार का पारितोषिक या प्रलोभन देना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना या वोट मांगना और मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने या ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग करना भी संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

### राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों के लिए आदर्श आचरण संहिता

किसी भी दल या उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष तनाव पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाना चाहिये। किसी भी आराधना स्थल जैसे कि मंदिर, मस्जिद गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

### उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन पर उंगली न उठाएं

किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों से न हो और न ही ऐसे आरोप लगाये जाने चाहिए जिनकी सत्यता त्यापित न हुई हो। किसी राजनीतिक दल की आलोचना उसकी नीति और कार्यक्रम पूर्व इतिहास और कार्य तक ही सीमित रहनी चाहिए तथा दल और उसके कार्यकर्ताओं की आलोचना असत्यापित आरोपों पर आधारित नहीं की जानी चाहिए।

### ऐसा करना याने भ्रष्ट आचरण

*राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना चाहिए जो चुनाव के कानून के अंतर्गत भ्रष्ट आचरण और अपराध हो, जैसे कि ऐसा कोई पोस्टर, इश्तहार, पैम्प्लेट या परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न रहे। किसी उम्मीदवार के निर्वाचन की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीदवारी के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो। किसी अन्य अभ्यर्थी अथवा राजनीतिक दल की चुनाव सभा में गड़बड़ी करना या विघ्न डालना, मतदान के दिन तथा उसके एक दिन पूर्व की कालावधि के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक सभा करना मान्य नहीं होगा।*

### किसी के घर के सामने धरना नहीं दे सकते

*प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे उसके राजनीतिक विचार कैसे भी क्यों न हो। किसी भी व्यक्ति के कार्यों या विचारों का विरोध करने के लिए किसी दल या उम्मीदवार द्वारा ऐसे व्यक्ति के घर के सामने धरना देने, नारेबाजी करने या प्रदर्शन करने की कार्यवाही का कतई समर्थन नहीं किया जाना चाहिए।*

# विरोध को दरकिनार कर सरोज ने दो बार मेयर चुनाव जीता, एक समय में महापौर, विधायक और सांसद रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वर्ष 1999 में हुआ नगर निगम दुर्ग के महापौर का चुनाव राजनीतिक मायनों में खास रहा। इस चुनाव से एक ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व का जन्म हुआ, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। भाजपा ने जब सरोज पांडेय को वर्ष 1999 में महापौर का प्रत्याशी बनाया, तो स्थानीय स्तर पर भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने इसका जमकर विरोध किया। उन्होंने खुलकर पार्टी के फैसले के खिलाफ जाते हुए सरोज पांडेय का पुतला तक फूंक दिया। उस समय भाजपा के नेताओं में देवेंद्र चंदेल और राजेश ताम्रकार ने पार्टी के नेताओं के सामने खुलकर नाराजगी जताई। विरोध को देखते हुए तत्कालीन भाजपा के वरिष्ठ नेता लखीराम अग्रवाल को बीच-बचाव के लिए आना पड़ा। बात यहीं नहीं रुकी विरोध के बाद नीता जैन ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ा। उनके अलावा शैलजा पांडेय भी मैदान में उतर गईं। इस प्रकार सरोज पांडेय को कांग्रेस की प्रत्याशी चंदादेवी शर्मा के अलावा दो अन्य प्रत्याशी नीता जैन और शैलजा पांडेय से कड़ी टक्कर मिली। सरोज पांडेय ने यह चुनाव करीब 4 हजार मतों के अंत से जीता। दूसरे नंबर पर कांग्रेस की चंदादेवी शर्मा और तीसरे नंबर पर शैलजा पांडेय रहीं। चौथे नंबर पर नीता जैन रहीं, जिन्हें करीब साढ़े 9 हजार वोट मिले। इसके साथ ही सरोज पांडेय ने मेयर की कुर्सी संभाली। वे लगातार दो बार मेयर बनी। उन्हें लगातार 10 वर्षों तक बेस्ट मेयर का अवार्ड मिला। वे एक ही समय पर मेयर, विधायक और सांसद भी रहीं। इसके अलावा आगे चलकर भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की टीम में शामिल हुईं। राज्यसभा सांसद भी रहीं।

### राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ता चला गया

आज वे बीजेपी की कद्दावर नेताओं में शुमार हैं। सरोज ने पॉलिटिक्स में कई रिकॉर्ड बना डाले हैं। उनका नाम गिनीज और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है। 10 साल तक लगातार बेस्ट मेयर का अवार्ड से सम्मानित हैं। 2008 में भिलाई के वैशाली नगर सीट से विधानसभा से चुनाव लड़ा। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपने विरोध प्रत्याशी बृजमोहन को लगभग 15 हजार मतों से हराया था। बीजेपी ने 2009 में उन्हें महापौर रहते हुए आम चुनाव में विधायक और दुर्ग सीट से लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर खड़ा कर दिया। डॉ. सरोज का सीधा मुकाबला बीजेपी से बगावत कर बाहर हुए दुर्ग से लगातार तीन बार के सांसद ताराचंद साहू से था। पांडेय ने साहू को भारी मतों से हराया। इसी जीत के साथ पांडेय का राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ता चला गया। वे भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहीं। डॉ. सरोज को 2014 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से हार का सामना करना पड़ा। पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें कोरबा से टिकट दिया, जहां उन्हें हार मिली। वर्तमान में निकाय और पंचायत चुनाव के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक हैं। मध्यप्रदेश का प्रभार संभाल रही हैं। वे संगठन के कई उच्च पदों में भी रह चुकी हैं।

● टुकुन की नजर से...




# 90 साल पहले बनी कवर्धा नगर पालिका में 22 अध्यक्ष और 22 प्रशासक कर चुके हैं नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका का इतिहास काफी पुराना है। 5 मार्च 1933 में गठित कवर्धा नगर पालिका के गठन को करीब 90 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। आंकड़ों को देखा जाए तो देश की आजादी के काफी वर्ष पूर्व ही अस्तित्व में आ चुकी कवर्धा नगर पालिका में अब तक 44 अध्यक्ष और प्रशासक कवर्धा नगर पालिका का नेतृत्व कर चुके हैं और अब इस बार होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के बाद यह संख्या बढ़कर 45 पहुंच जाएगी। बताया जाता है कि 5 मार्च 1933 में गठित कवर्धा नगर पालिका में प्रथम अध्यक्ष के रूप में अब्दुल रहमी खान पदस्थ थे। जिन्होंने 5 मार्च 1933 को पदभार ग्रहण किया था और 30 जनवरी 1936 तक अध्यक्ष पद आसीन रहे।



### 90 साल का इतिहास

*कवर्धा नगर पालिका के करीब 90 साल के इस इतिहास और इस दौरान कवर्धा नगर पालिका में काबिज अध्यक्ष तथा प्रशासकों की संख्या को देखा जाए तो वास्तव में कवर्धा नगर पालिका ने काफी उतार चढ़ाव देखे हैं, मतलब ऐसे बहुत से अध्यक्ष रहे हैं जिन्होंने अपना निर्धारित समयावधि का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1933 से लेकर 2025 के बीच 44 बार बदले नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष तथा प्रशासकों के चेहरों में 22 बार अध्यक्षों ने तो 22 बार ही प्रशासकों ने इसका नेतृत्व किया। बीते पांच वर्षों में ही देखा जाए तो 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में कवर्धा नगर पालिका से कांग्रेस के ऋषि कुमार शर्मा की ताजपोशी नपा अध्यक्ष के रूप में की गई थी, लेकिन वे भी अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद भाजपा के मनहरण कौशिक को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया और अब आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रशासक नगर पालिका नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि मौजूदा दौर में घोषित हो चुके नगरीय निकाय चुनाव के लिए कवर्धा नगरपालिका के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी तथा कांग्रेस ने संतोष यादव के नाम का ऐलान कर दिया है और माना जा रहा है। इन्हीं दोनो प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला होगा और आने वाले 15 फरवरी को इन्हीं दोनों में से कोई एक नगर पालिका परिषद कवर्धा के 45 वें अध्यक्ष के रूप में चुना जाएगा।*

*टाउनहाल के बैठक कक्ष में अपने बैठने के लिए घर से कुर्सी मंगवाई थी*


# बिलासपुर में अब तक बने 7 मेयर, लेकिन अब भी सुने जाते हैं अशोक राव के किस्से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर निगम में अब तक 7 महापौर बन चुके हैं और अब आठवें के लिए 11 फरवरी को वोटिंग होनी है। भाजपा ने श्रीमती पूजा विधानी को तो कांग्रेस ने प्रमोद नायक को उम्मीदवार बनाया है। कुछ पुराने इतिहास पर नजर डालें तो नगर पालिका निगम का गठन 1 जनवरी 1981 को हुआ था। उन दिनों पार्षद किसी भी गणमान्य नागरिक को महापौर चुन सकते थे। नगर पालिक निगम अधिनियम में निर्वाचित परिषद के बाहर के व्यक्ति को महापौर चुनाव में भाग लेने का अधिकार दिया गया था। दलीय व्यवस्था के मुताबिक सदन में जिनका बहुमत होता था, उनके प्रत्याशी चुन लिए जाते थे। इसी आधार पर ई. अशोक राव नगर निगम के पहले मेयर चुने गए। अशोक राव ने निगम के इतिहास में कई कीर्तिमान रचे। वह पहले राजनेता थे, जिन्होंने निगम को अपनी ओर से सबकुछ दिया, लिया कुछ नहीं। उनकी दरियादिली की किस्से टाउनहाल के गलियारों में आज भी सुने जाते हैं।

### बैठने के लिए घर से कुर्सी मंगाई

अशोक राव निश्छल व्यक्ति थे। पारिवारिक रूप से प्रतिष्ठित परिवार से आने के कारण वह अपने बनाए कायदे पर चलते रहे। टाउनहाल के बैठक कक्ष में अपने बैठने के लिए घर के कुर्सी मंगवाई। शासन को जो चिट्ठियां लिखते थे, उसका डाक खर्च भी स्वयं चुकाते थे। मानदेय की राशि से कर्मचारी कल्याण कोष की स्थापना की, जो कर्मचारियों के परिवार, बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर खर्च होता था। श्री राव अपनी कार में आते जाते थे। निगम की गाड़ी, ड्राइवर का इस्तेमाल कभी नहीं किया। 5 सितंबर 1983 को वह चुने गए। उन दिनों मेयर का कार्यकाल एक वर्ष का होता था।




### नियमों के पक्के थे श्रीकुमार

इसके बाद साल 1985 से 86 तक श्री कुमार अग्रवाल बिलासपुर महापौर बने। पेशे से अधिवक्ता श्रीकुमार कायदे का पालन कराना अच्छे से जानते थे और नियमों का सदुपयोग भी किया। उनके कार्यकाल में सर्वाधिक 293 कर्मचारियों का नियमितीकरण हुआ। यह वे कर्मचारी थे, जो दैनिक वेतनभोगी थे। नई भर्तियां भी निगम में उनके कार्यकाल में हुई। श्री कुमार अग्रवाल को उनके द्वारा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को भवन के लिए प्लाट आवंटित करने के लिए याद किया जाता है। बाद के महापौर ने भी उनका अनुकरण किया।

### कब-कब कौन बने महापौर

- वर्ष 1983 में वार्ड पार्षद का चुनाव हुआ। सितंबर 83 में पार्षदों ने अशोक राव को मेयर के पद पर चुना।
- सितंबर 1984 को अशोक राव ने मेयर पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद बलराम सिंह, श्रीकुमार अग्रवाल मेयर बने। इनका कार्यकाल एक-एक वर्ष का था जो चार सितंबर 1987 तक चला।
- वर्ष 1987 में राज्य शासन ने निगम में प्रशासक तैनात कर दिया। जो वर्ष 1995 तक जारी रहा।
- वर्ष 1995 में राजेश पांडेय महापौर बने। पार्षदों के जरिए चुनाव हुआ था। उस समय कार्यकाल ढाई वर्ष का था। जिसे राज्य शासन ने बढ़ाते हुए पांच वर्ष कर दिया था।
- वर्ष 1999-2000 में चुनाव हुआ। तब प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव हुआ। इसमें भाजपा के उमाशंकर जायसवाल मेयर बने।
- वर्ष 2005 के चुनाव में भाजपा के अशोक पिंगले मेयर बने। कार्यकाल के बीच में उनका निधन हो गया। तब सभापति विनोद सोनी को एक्टिंग महापौर बनाया गया था।
- वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस की वाणी राव महापौर बनीं।
- वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा के किशोर राय मेयर बने।
- वर्ष 2019 में कांग्रेस के रामशरण यादव महापौर बने।

रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025 | माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या | वर्ष: 23, अंक: 193 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



महाकुंभ में उमड़ा साधु, संतों और श्रद्धालुओं का सैलाब, हर तरफ भीड़, प्रशासन मुस्तैद

**दूसरा अमृत स्नान आज**

- **15** किमी चलना पड़ रहा पैदल
- **17** दिनों में पहुंचे 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालु
- **1000** से अधिक मेडिकल कर्मियों की तैनाती

## मौनी अमावस्या पर आज करीब 10 करोड़ श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी, एक दिन पहले पांच करोड़ ने किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभ नगर

महाकुंभ-2025 में पिछले 17 दिनों में 15 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं तथा बुधवार को मौनी अमावस्या पर और 10 करोड़ लोगों के गंगा स्नान करने की संभावना है। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले मंगलवार को शाम पांच बजे तक 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि प्रशासन ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं।



### सुबह पौने सात बजे पुष्पवर्षा

राज्य सरकार ने कहा कि उसने मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को सुबह पौने सात बजे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने की योजना बनाई है। अमृत स्नान (पूर्व में शाही स्नान), महाकुंभ मेले का सबसे पवित्र और सबसे बड़ा स्नान पर्व होता है, जिसमें दुनियाभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। अमृत स्नान का मुख्य आकर्षण विभिन्न अखाड़ों के साधुओं का स्नान होता है।

### अमृत स्नान का महत्व



अमृत स्नान की तिथियां सूर्य, चंद्र और बृहस्पति के ज्योतिषीय मेल पर आधारित होती हैं और माना जाता है कि इनके योग से पवित्र नदियों की आध्यात्मिक शक्ति बढ़ जाती है। यह भी माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदियों का जल अमृत में परिवर्तित हो जाता है। मौनी अमावस्या का स्नान पारंपरिक रूप से मौन रहकर किया जाता है।

### चप्पे-चप्पे पर जवान



इस बीच, प्रयागराज जिला प्रशासन ने पूरे कुंभ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती की है। जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मांदड़ ने कहा, दुनियाभर से आ रहे श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयागराज के लोगों से दोपहिया वाहनों का उपयोग करने या हो सके तो पैदल चलने का अनुरोध है।

### प्रयागराज में तीन दिन स्कूलों की छुट्टी



भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल 28, 29 और 30 जनवरी को बंद रहेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी मौनी अमावस्या के अवसर पर अवकाश घोषित कर दिया है। हर 12 साल में होने वाला महाकुंभ मेला 13 जनवरी को प्रारंभ हुआ और यह 26 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में 40 से 50 करोड़ लोगों के आने की संभावना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आतंकियों पर एक्शन, 23 ठिकानों पर एनआईए छापे



**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू क्षेत्र के विभिन्न जिलों में पिछले साल कई हमले करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत मंगलवार को नियंत्रण रेखा के पास करीब 23 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर अभियान चलाया गया है, उनमें अधिकतर ऊंचाई वाले और जंगली इलाके हैं।

### लड्डू पर्व के दौरान मचान ढही, सात की मौत



**बागपत।** बागपत जिले के बड़ौत में मंगलवार को जैन समुदाय द्वारा आयोजित भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तंभ परिसर में बना लकड़ी का एक ढांचा गिरने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई और 39 घायल उपचाराधीन हैं। डीएम अस्मिता लाल ने कहा, बड़ौत में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिर गया।

**टिकट कटा और आधा दर्जन हो गए निर्दलीय**

## सपना था मेयर बनने का, पार्षद का भी टिकट नहीं, कांग्रेस में बगावत, भाजपा में भी कलह

*टिकट कटने, उम्मीद टूटने के बाद कांग्रेस-भाजपा में कई जगह बगावती सुर उठने लगे। रायपुर में तो कांग्रेस के छह पूर्व पार्षदों ने निर्दलीय पर्चा भी भर दिया। बिलासुपर, राजनांदगांव समेत कई जगह ऐसे ही हालात बने। इधर, महापौर पद के लिए दावेदारी करने वाले ज्यादातर नेताओं को पार्षद का भी टिकट नहीं मिला। इस बात से उनमें नाराजगी भी है। कुछ ने खुलकर बोलना भी शुरू कर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर दुर्ग और राजनांदगांव की विशेष रिपोर्ट



विश्वदिनी पांडेय



कविता ग्वालानी

**खास खबर**

राजधानी रायपुर में मेयर बनने का सपना लिए भाजपा और कांग्रेस की कई महिला नेत्रियों ने दावा किया था, लेकिन इनमें से ज्यादातर की किस्मत ऐसी खराब रही कि इनको पार्षद का भी टिकट नसीब नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस से एक-एक दावेदार को जरूर पार्षद का टिकट ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस की ये दावेदार भी नहीं बन सकीं पार्षद प्रत्याशी

कांग्रेस के दावेदारों में पूर्व महापौर और सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को मेयर का प्रत्याशी बनाया गया। अन्य दावेदारों में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा की पत्नी परमजीत कौर जुनेजा, पूर्व महापौर एजाज ढेबर की पत्नी अर्जुमन ढेबर, पूर्व पार्षद कविता ग्वालानी के अलावा प्रीति उपाध्याय के नाम अहम रहे। इनमें से पार्टी ने किसी को भी पार्षद का भी टिकट नहीं दिया है, एक दावेदार एजाज ढेबर की पत्नी अर्जुमन ढेबर ने अब्दुल रऊफ वार्ड से पार्षद प्रत्याशी का नामांकन भरा है, इस वार्ड से कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी उनको अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर देगी।

### भाजपा की इन दावेदरों को नहीं मिला पार्षद का टिकट

भाजपा ने लंबे मंथन, प्रदेश के साथ ही राष्ट्रीय नेताओं के साथ रायशुमारी के बाद अंत में मीनल चौबे का नाम मेयर के लिए फाइनल किया। इसके बाद मेयर पद की दावेदारी रही एक मात्र सरिता दुबे को ही पार्षद का टिकट नसीब हुआ। उनका वार्ड ब्राम्हणपारा ओबीसी आरक्षित होने के कारण उनको वहां से प्रत्याशी न बनाकर सुंदर नगर से प्रत्याशी बना दिया गया। सरिता दुबे को सांसद बृजमोहन अग्रवाल का समर्थक बताया जाता है। इधर दूसरी सबसे प्रबल दावेदार विश्वदिनी पांडेय का रानी लक्ष्मी बाई वार्ड सामान्य होने के बाद भी उनको वापस टिकट नहीं मिला। सीमा साहू का वार्ड वीर नारायाण सिंह वार्ड सामान्य होने के कारण उनको टिकट नहीं मिल सकी लेकिन पार्टी ने उनके पति को जरूर टिकट दे दिया है।

### रायपुर नगर निगम के आठ सिटिंग पार्षदों का टिकट काटकर दूसरे को दे दिया



कांग्रेस ने मंगलवार को तड़के रायपुर नगर निगम के पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की है। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों की सूची आने के बाद बवाल भी शुरू हो गया है। कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में चुने हुए पार्षदों के टिकट काटकर दूसरे को दे दिया है। ऐसे में कांग्रेस के भीतर टूट-फूट शुरू हो गई है। कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में थोक में सिटिंग पार्षदों के टिकट काटे हैं। इनमें से कुछ पार्षदों ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस के सक्रिय पार्षद रहे हरदीप सिंह उर्फ बंटी होरा शहीद हेमू कालाणी वार्ड के पार्षद रहे हैं। बंटी होरा पहले निर्दलीय पार्षद के रूप में चुनाव जीते थे और बाद में कांग्रेस में शामिल हुए थे। अब टिकट से वंचित होने पर उन्होंने बागी तेवर अपना ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### इन पार्षदों का टिकट कटा

जिन सिटिंग पार्षदों का टिकट काट दिया गया, उनमें पार्षद सुरेश चन्नावार, हरदीप सिंह होरा 'बंटी', पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा, आकाश तिवारी, अनवर हुसैन, रितेश त्रिपाठी, ज्ञानेश शर्मा और समीर अख़्तर का टिकट कटा है। बताया गया है कि आरक्षण के कारण कुछ पार्षदों को टिकट नहीं दिया गया है। वहीं महापौर और वार्ड 46 के पार्षद एजाज ढेबर को वार्ड 57 से टिकट दिया गया है।

### महापौर पद के दावेदारों को पार्षदी भी नसीब नहीं, बगावत ने दोनों पार्टियों को मुश्किल में डाला

- बोदरी में कांग्रेस के 14 पार्षदों ने एक साथ इस्तीफा दिया
- त्रिलोक और तैय्यब ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन भरा



त्रिलोक श्रीवास



तैय्यब हुसैन

**बिलासपुर।** बिलासपुर में भाजपा से मेयर पद के 6 दावेदारों में से अधिकांश को पार्षद की टिकिट ही नहीं मिली तो कांग्रेस में भी 7 दावेदार वार्डों के लिए भी लायक नहीं समझे गए। दूसरी ओर लिस्ट जारी होते ही बगावत का दौर शुरू हो गया है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### मेयर-पार्षद के दावेदार बागी होने लगे

इधर टिकट नहीं मिलने पर मेयर-पार्षद के दावेदार बागी होने लगे हैं। टिकट कटने से नाराज नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा मचाया और पुतला भी दहन किया। बोदरी नगर पंचायत में अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### 14 पार्षद प्रत्याशियों ने अपना इस्तीफा सौंपा

जिले के बोदरी नगर पालिका के कांग्रेस के 14 पार्षद प्रत्याशियों ने पार्टी आलाकमान को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। साथ ही ऐलान किया है कि अब वे कांग्रेस के बैनर तले चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्षद प्रत्याशियों ने अध्यक्ष प्रत्याशी चयन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए यह फैसला लिया है। पार्षद प्रत्याशियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए पार्टी ने गलत ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### कुछ कामयाब और कई चूक गए

**जगदलपुर।** सामान्य सीट होने से नगर निगम के लिए भाजपा और कांग्रेस में कई दोवदार ऐसे भी थे, जिन्होंने महापौर का टिकट मांगा था, लेकिन उन्हें पार्षद की भी टिकट नहीं मिली। वहीं कई ऐसे भाग्यशाली भी रहे जो महापौर के दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने पार्षद का टिकट देकर उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मौका दे दिया। महापौर के दावेदारों में रजनीश पाणिग्राही, ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### अच्छी पकड़ पर नहीं चली

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कांग्रेस पार्टी से महापौर पद के लिए अपनी दावेदारी की थी। वहीं पार्षद प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर भी उनकी प्रबल दावेदारी थी, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें महापौर और पार्षद दोनों ही पद के टिकट से वंचित कर दिया। सूर्यकांत जैन कांग्रेस के ऊर्जावान और जुझारू नेता है, वह अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं।

#### मेयर में हारे, पार्षद टिकट को भी तरसे

**दुर्ग।** प्रदेश के वीआईपी जिले में शुमार दुर्ग नगर निगम के 60 वार्ड में महापौर बनने भाजपा और कांग्रेस में आधा दर्जन से अधिक नाम आए थे, लेकिन अंत में उन्हें न तो मेयर की टिकट मिल पाई और न वे पार्षद के लिए दावेदारी कर पाए। भाजपा से डॉ मानसी गुलाटी मेयर पद की उम्मीदवार थी, लेकिन उनके जगह कुर्मी के प्रत्याशी को उतारा गया। इसी तरह से ▶▶| शेष पेज 5 पर

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश**

## अब व्हाट्सएप से नोटिस नहीं भेज सकेगी पुलिस

**नई दिल्ली।** देश के किसी भी राज्य की पुलिस अब वॉट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड का इस्तेमाल करके किसी भी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस के इस कदम पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया है कि आरोपी को नोटिस देने के लिए ऑप्शनल मीडियम के रूप में वॉट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड का इस्तेमाल न करें। शीर्ष न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन हफ्ते के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**समिति करेगी अध्ययन**

## मुंबई में बैन हो सकते हैं डीजल-पेट्रोल वाहन

**मुंबई।** महाराष्ट्र ने शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए मुंबई महानगर क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए सात सदस्यीय समिति बनाई है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के इलाके भी शामिल हैं। दरअसल, 9 जनवरी को एक जनहित याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई शहर में यातायात पर चिंता व्यक्त की थी।

#### हाईकोर्ट ने की थी टिप्पणी

हाईकोर्ट ने कहा था कि मुंबई की सड़कों पर जाम लगाने वाले वाहन शहर की खराब होती वायु गुणवत्ता में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। इसने इस बात पर गहन अध्ययन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया कि क्या डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना उचित या व्यवहार्य होगा।




## चिंतन

# विनिर्माण व आपूर्ति तंत्र को बेहतर बनाना जरूरी

आम बजट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत के लिए बड़ी अपील की है। पीएम ने कहा, 'कच्चे माल का निर्यात और तैयार उत्पादों का आयात स्वीकार नहीं कर सकते। उत्पादों का मूल्यवर्धन देश में ही होना चाहिए'। कुछ दिनों बाद ही एक फरवरी को देश का बजट पेश होने वाला है, उसमें आर्थिक सुधार के अगले चरण का रोडमैप आने की उम्मीद है। ऐसे में पीएम का स्वदेशी पर जोर देना संकेत है कि भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा। भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' में पीएम ने उद्योग जगत को आईना दिखाया कि खनिजों को यहां निकाला जाता है और उन्हें किसी अन्य देश में निर्यात किया जाता है, जहां उनका मूल्यवर्धन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेज दिया जाता है। यह स्वीकार्य नहीं है। बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों को पहचानना जरूरी है। भारत छितराई और आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। इसके बजाय, वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के भीतर एक मजबूत आपूर्ति तथा मूल्य श्रृंखला का निर्माण किया जाना चाहिए। यह जिम्मेदारी सरकार और उद्योग दोनों की है। सरकार नीतिगत स्तर पर वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहित कर रही है, ऐसे में जरूरी है कि घरेलू निर्माण व उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। चालू वित्त वर्ष में भारत का व्यापार घाटा भी बहुत ज्यादा है। इसका मतलब है कि देश आयात अधिक कर रहा है और निर्यात कम कर रहा है। पिछले कई वर्षों से देश व्यापार घाटे का सामना कर रहा है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार बहुत मजबूत है, इसलिए अगर अपनी जरूरतों के अधिकांश उत्पाद देश में निर्मित होंगे तो आयात व निर्यात असंतुलन कम होगा। बहुत से ऐसे उत्पाद हैं, जिनके कच्चा माल निर्यात करने के बजाय अगर वैल्यू एडिशन करके उनसे बने उत्पाद निर्यात किए जाएं तो इससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पीएम ने देश में निर्माण व वैल्यू एडिशन की बात उस समय कही है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद संभालते ही अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा देना शुरू किया है। अमेरिका का विश्व स्वास्थ्य संगठन से हटना, पेरिस जलवायु संधि से बाहर आना, प्रवासियों पर सख्त होना और वैश्विक मदद पर अंकुश लगाने की ओर बढ़ना आदि भारत जैसे देशों के लिए वैश्विक अवसर लेकर आएगा। चीन के विनिर्माण क्षेत्र काफी मजबूत हैं, इसके बाद भी उसकी विश्वसनीयता वैश्विक नहीं है। भारत के साथ सकारात्मक स्थिति है कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक विश्वसनीयता है। भारत नित नए बाजार की तलाश भी करता रहता है। आज भारत के पास वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लीडर बनने का अवसर है। यह तभी संभव है जब सरकार व निजी क्षेत्र के उद्यमी भारत में विश्व स्तर के उत्पाद निर्माण पर अधिक ध्यान दें। केवल आयात के भरोसे न रहें। भारत ग्रीन टेक, हरित हाइड्रोजन, डिजिटेक, सेमीकंडक्टर, हाईटेक डिफेंस हथियार, नवोन्मेष, स्पेस साइंस आदि क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में बड़ा निर्यातक बनने की दिशा में कम करने की आवश्यकता है। अगर देश का लॉजिस्टिक सिस्टम ठीक होता तो, फल, सब्जियां आदि यूं ही नहीं सड़ जाते। इन्हें विदेश भेजा जाता। बजट में इन मुद्दों पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। अभी लोकलुभावन बजट से बचने की भी जरूरत है।

## दंगों का दर्द

पंकज चतुर्वेदी



# दिल्ली हिंसा के 5 साल बाद भी इंसाफ की आस बाकी

दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए मतदान को तैयार है और पांच साल पहले भड़के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगों का दर्द फिर उभर आया है। दंगों की बड़ी साजिश के आरोप में बहुत से लोग यूएपीए के तहत जेल में हैं और अभी उस मुकदमे का न्याय ठिठका हुआ है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक़ पुलिस ने दंगों से जुड़ी कुल 758 एफ़आईआर दर्ज की हैं। इनमें अब तक कुल 2619 लोगों की गिरफ़्तारी हुई थी, इनमें से 2094 लोग ज़मानत पर बाहर हैं। अदालत ने अब तक सिर्फ़ 47 लोगों को दोषी पाया है और 183 लोगों को बरी कर दिया। वहीं, 75 लोगों के ख़िलाफ़ पर्याप्त सबूत न होने के कारण कोर्ट ने उनका मामला रद कर दिया है। लगभग 5 वर्ष बीतने के बावजूद इनमें अभी 268 मामलों में जांच पूरी नहीं हो पाई है। जरा सोचें कि 1680 दिन बाद दंगे के कौन से साक्ष्य अब मिलेंगे? कुछ अर्जियां ऐसी भी हैं जिन पर मामले दर्ज ही नहीं किए गए क्योंकि उनमें कुछ बड़े नाम थे। विभिन्न थानों में दर्ज 57 मामले ऐसे भी हैं जिनमें पुलिस के हाथ प्रमाण नहीं लगे और इन्हें बंद करने के लिए पुलिस ने अदालत से निवेदन किया। ऐसे 43 मामलों की क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है, जबकि 14 रिपोर्ट अभी विचाराधीन हैं। यह सच है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था का जिम्मा केंद्र सरकार का है लेकिन न्याय और जेल राज्य सरकार के हाथों हैं। विदित हो दिल्ली में विधान सभा चुनाव का नतीजा आने के तत्काल बाद ही दंगे हो गए थे। इस आशय का पत्र और तथ्य अब चार्जशीट का हिस्सा है। दंगों के तत्काल बाद दिल्ली सरकार के दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने एक नौ सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। अल्पसंख्यक आयोग की नौ सदस्यीय जांच कमेटी ने, दंगो में घोषित मुआवज़े के लिए लिखे गए 700 प्रार्थनापत्रों का अध्ययन किया। अपने अध्ययन के बाद, कमेटी ने पाया कि अधिकतर मामलों में क्षतिग्रस्त जगह का दौरा भी नहीं किया गया है, और जिन मामलों में जान माल के नुकसान को सही पाया गया है, उनमें भी बहुत कम राशि, अंतरिम सहायता के रूप मे दी गई है। दंगों के तुरन्त बाद कई लोग घर छोड़ कर चले गए हैं, इसलिए बहुत से लोग, मुआवज़े के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं। मुआवज़े में भी सरकारी अधिकारी के मरने पर उनके परिवार वालों को एक करोड़ की रक़म दी गई जबकि आम नागरिकों की मौत पर केवल 10 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया गया। मुआवजे का कोई तार्किक आधार तय नहीं किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में क़ानून-व्यवस्था की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है फिर भी दंगों में पीड़ितों को केंद्र सरकार की ओर से, दंगा पीड़ितों की कोई मदद नहीं की गई। रिपोर्ट के मुताबिक 11 मस्जिद, पांच मदरसे, एक दरगाह और एक क़ब्रिस्तान को नुक़सान पहुंचाया गया। मुस्लिम बहुल इलाक़ों में किसी भी ग़ैर-मुस्लिम धर्म-स्थल को नुक़सान नहीं पहुँचाया गया था। जबकि दिल्ली पुलिस ने अदालत में जो हलफनामा दिया है उसके अनुसार, इन दंगों में, कुल मृतक, 52 हैं जिसमें 40 मुस्लिम समुदाय के और 12 हिन्दू समुदाय के हैं। संपत्ति के नुकसान का जो आंकड़ा दिल्ली पुलिस ने हलफनामा में दिया है, उसके अनुसार, कुल 185 घर बर्बाद हुए हैं जिनमे से 50 घर, मुस्लिम समुदाय के और 14 घर हिंदुओं के हैं। लेकिन इस हलफनामा में खजूरी खास और करावल नगर में हुए नुकसान का साम्प्रदायिक आधार पर ब्रेक अप नहीं दिया गया। साम्प्रदायिक दंगों का कारण धार्मिक कट्टरता होती है तो निश्चय ही उपासना स्थल निशाने पर आते हैं। इस बात के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है कि अप्रैल 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग (एनईडीआरसीसी) के गठन के बावजूद, आज भी 2,790 दावे अनसुलझे हैं। वायदे-दावे आगे चल कर सरकार बनाम उप राज्यपाल के झगड़े में फंस गए। उधर आयोग के अधिकारी कहते हैं कि एलजी द्वारा नियुक्त एसेस्मेंट टीम के 40 में से केवल 5 से ही उनका संपर्क हो पाया। हालांकि यहां लोगों ने लाखों गंवाए हैं। समय के साथ उनके जख्म भर रहे हैं। बहुत से लोगों ने नए सिरे से रोजी-रोटी के रास्ते खोले हैं लेकिन सरकार के मुआवजे के दावे और निर्दोष लोगों को न्यायिक सहयोग में आम आदमी सरकार की निर्ममता और लापरवाही केंद्र सरकार से काम नहीं हैं। दंगा ग्रस्त इलाकों में न्याय की बात हो या राहत की या फिर लोगों की नफरत मिटाकर सौहार्द के लिए प्रयास करना, तीनों कार्य राज्य की सरकार की जिम्मेदारी थी। वे मुकदमों के तेजी से निबटारे और दोषियों को सजा के लिए भी दवाब बना सकती थी, लेकिन आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार इन सभी मुद्दों से मुंह मोड़े रही।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वित्त मंत्री से हर वर्ग को बंधी उम्मीद



बजट-2025

नितिन प्रधान

वित्त मंत्री के सामने लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं से भरा पिटारा है। यह तो शनिवार को संसद में बजट पेश होने के बाद ही पता चलेगा कि वित्त मंत्री ने इस पिटारे से किसकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा किया। अर्थव्यवस्था की रफ्तार को तेज करने के लिए जो आवश्यक होगा, वित्त मंत्री निश्चित ही पर्याप्त कदम उठाएंगी। बीता एक महीना वित्त मंत्री ने विभिन्न पक्षों और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श में बिताया है। सभी क्षेत्रों की समस्याओं और जरूरतों को समझा है। वित्त मंत्री के बजट के बस्ते से निकलने वाले प्रस्ताव कितनी मांगों और जरूरतों को पूरा करेंगे यह महत्वपूर्ण होगा।

इस सप्ताह के अंत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री के सामने लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं से भरा पिटारा है। यह तो शनिवार को संसद में बजट पेश होने के बाद ही पता चलेगा कि वित्त मंत्री ने इस पिटारे से किसकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा किया। अर्थव्यवस्था की रफ्तार को तेज करने के लिए जो आवश्यक होगा, वित्त मंत्री निश्चित ही पर्याप्त कदम उठाएंगी। बीता एक महीना वित्त मंत्री ने विभिन्न पक्षों और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श में बिताया है। सभी क्षेत्रों की समस्याओं और जरूरतों को समझा है। वित्त मंत्री के बजट के बस्ते से निकलने वाले प्रस्ताव कितनी मांगों और जरूरतों को पूरा करेंगे, यह महत्वपूर्ण होगा। यह सही है कि देश की अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है। लेकिन यह भी तथ्य है कि अभी भी भारत दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारत भी वैश्विक अर्थव्यवस्था से पूरी तरह जुड़ा हुआ है इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि उसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। लेकिन यहीं सरकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। अगर सरकार वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था की परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठा कर बजटीय निर्णय लेती है तो उसका असर आर्थिक विकास की गति पर भी होता है।

ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि वित्त मंत्री ने बजट बनाते वक्त इन बातों का खास ध्यान रखा होगा। उम्मीदें बहुत हैं। विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री बजट से किस प्रकार की संभावनाएं देख रहे हैं यह जानने की कोशिश करते हैं। आम आदमी की बजट से सबसे पहली उम्मीद आयकर की छूट को लेकर होती है। मध्यवर्गीय वेतनभोगी वर्ग के लिए बजट की यह घोषणा बहुत महत्वपूर्ण है। आयकर के मामले में वित्त मंत्री एक बड़ा बदलाव पहले ही कर चुकी हैं। आयकर देने के दो विकल्पों में एक छूट का लाभ लेकर तीस प्रतिशत की उच्च दर पर टैक्स देने का है और दूसरा 25 प्रतिशत की उच्च दर पर आयकर का भुगतान करने का है। लेकिन इसमें किसी प्रकार की रियायतों और कटौती का लाभ नहीं मिलता। आयकर अदायगी के इस दूसरे विकल्प की तरफ लोगों का रुझान बड़ा है। खासतौर पर सालाना 15 लाख रुपये की आय अर्जित करने वाले लोगों में। इसलिए सरकार भी इस विकल्प को प्रोत्साहन दे रही है। संभव है कि आगामी बजट में सरकार इस वर्ग के अंतर्गत आने वाले आयकरदाताओं के लिए कुछ और आकर्षण प्रस्तुत करे। वित्त मंत्री नए प्रत्यक्ष कर कानून को लाने की घोषणा भी अपने बजटीय भाषण में कर सकती है। अर्थव्यवस्था में मांग सृजित करने के लिए आवश्यक है कि आम आदमी खासतौर पर मध्यवर्ग की जेब में पैसा रहे। इस दिशा में वित्त मंत्री बैंक डिपॉजिट पर टैक्स छूट का लाभ देने के लिए कुछ कदम उठा सकती हैं। इसमें सर्वाधिक संभावना यही है कि अभी 10000 रुपये से अधिक की बचत राशि पर आयकर देय है, जिसे वित्त मंत्री बढ़ाकर 20000 रुपये कर सकती हैं। अर्थव्यवस्था में इस वक्त सर्वाधिक चिंता का विषय औद्योगिक क्षेत्र की रफ्तार को लेकर है। मांग घटने की वजह से कारखानों के उत्पादन की रफ्तार नहीं बढ़ रही है।



विशेषकर लघु और मझौले (एमएसएमई) उद्योगोंकी स्थिति बेहद खराब है। इनके वित्तीय संकट को दूर करने के लिए संभव है वित्त मंत्री कुछ कदम उठा सकती हैं। बैंकों को इस सेक्टर को आसान कर्ज देने के निर्देश के साथ-साथ संभावना इस बात की भी है कि बड़े कॉरपोरेट को एमएसएमई क्षेत्र को भुगतान करने की समय सीमा को घटाकर 45 दिन कर दिया जाए।


यह भी उम्मीद की जा रही है कि जिन उद्योगों के लिए पांच वर्ष की अवधि समाप्त हो रही है उन्हें विस्तार मिल जाए। विशेषकर ऐसे उद्योग जिनके प्रदर्शन में इस स्कीम की वजह से सुधार देखने को मिला है। इसके अलावा वित्त मंत्री कारोबार करने की प्रक्रिया को और आसान करने की दिशा में कुछ कदम उठा सकती हैं। जीएसटी से संबंधित मुद्दों को आसान बनाया जा सकता है ताकि उद्योगों खासकर छोटे और मझौले उद्योगों के लिए कारोबार करना सरल हो सके। परिवहन सेक्टर से लेकर इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के निर्माण की नीतियों में बदलाव हो रहा है। लेकिन पर्याप्त प्रोत्साहनों के अभाव में अभी भी इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल भारतीय बाजार में कीमत के लिहाज से फिट नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए इन्हें किफायती बनाने के लिए वित्त मंत्री कुछ उपायों की घोषणा कर सकती हैं। भारत में टेक्सटाइल उद्योग का सम्मानजनक इतिहास रहा है। रोजगार देने के साथ साथ निर्यात के माध्यम से इस क्षेत्र ने जीडीपी में अहम भूमिका निभाई है। परंतु अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लागत में पिछड़ने की वजह से यह क्षेत्र प्रतिस्पर्धा से बाहर होता जा रहा है। इस बार भी बजट में इस क्षेत्र के लिए बजट में कम से कम 15 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार की तरफ से सबसे अधिक खर्च इसी क्षेत्र में किया जाता है। सरकारी खर्च को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि इस क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जाए। वित्त मंत्री बुनियादी ढांचागत क्षेत्र के लिए कुछ नई परियोजनाओं का ऐलान कर सकती हैं जिनमें इस राशि को खर्च किया जा सके। इसके अतिरिक्त लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ कदम उठा सकती है। किसी भी देश के तेज विकास में स्वस्थ जनता बहुत अहम भागीदारी निभाती है। महंगे होते इलाज से बचने का एक ही उपाय है कि लोगों को बीमार होने से बचाया जाए। अभी हेल्थकेयर में काफी कुछ होना बाकी है। संभावना है कि इस सेक्टर के आवंटन में वित्त मंत्री 10 से 15 फीसदी की वृद्धि कर सकती है।

हेल्थकेयर में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार इस सेक्टर में निजी निवेश को और प्रोत्साहित करने के लिए निवेश पर कुछ रियायतें देने और नियमों को सरल बनाने के कदम उठा सकती है। आधुनिक उपकरणों के घरेलू निर्माण को प्रोत्साहन और विशेषज्ञ उपकरणों के आयात को आसान बनाने जैसे कदमों का ऐलान वित्त मंत्री कर सकती हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की हमेशा से अहम भूमिका रही है। औद्योगिक रफ्तार धीमा रहने से खेती किसानी ही जीडीपी को छह फीसदी से ऊपर बनाये रखने में अहम भूमिका निभा रही है। इसलिए इस बार भी बजट में कृषि क्षेत्र पर वित्त मंत्री खास ध्यान दे सकती हैं। खेती में आधुनिक प्रौद्योगिकी और उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि किसानों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ऐसे उपकरण और मशीनरी बनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन मिले ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इनका इस्तेमाल कर सकें। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए मनरेगा के बजट में भी खासी वृद्धि की संभावना है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में वृद्धि का ऐलान कर सकती हैं। माना जा रहा है कि इस राशि को मौजूदा 6000 से बढ़ाकर 8000 रुपये किया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मौन होकर पार उतर जाने का अवसर मौनी अमावस्या



संकलित

दर्शन

मौनी अमावस्या सर्दियों की संक्रांति के बाद दूसरी या महाशिवरात्रि से पहले वाली अमावस्या है। हमारे देश के किसानों को भी आमतौर पर पता है कि अमावस्या या अमावस्या के दौरान, बीज का अंकुरण और पौधों की वृद्धि धीमी हो जाती है। एक पौधे में रस को ऊपर तक पहुंचने के लिए एक कठिन कार्य का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही इंसान के साथ भी होता है, जिसकी रीढ़ सीधी होती है। इन विशेष तीन महीनों के दौरान संक्रांति से महाशिवरात्रि तक उत्तरायण में पूर्णिमा और अमावस्या दोनों का प्रभाव बढ़ा हुआ होता है। यौगिक परंपराओं में प्रकृति द्वारा दी जा रही इस सहायता का लाभ उठाने की कई प्रक्रियाएं हैं। इनमें से एक है मौनी से महाशिवरात्रि तक मौन रहना। इस अवधि के दौरान सभी जल-निकायों और जल-भंवरों पर बहुत प्रभाव पड़ता है। यह न भूलें कि हमारे शरीर में सबसे अंतरंग जल-निकाय है, जिसे हम जानते हैं कि यह 70 प्रतिशत से अधिक पानी है।सौर और चंद्र प्रणाली के चक्र मानव अनुभव में समय की मूल अवधारणा हैं। या तो समय के चक्रों पर सवार होना या समय के अंतहीन चक्रों में फंस जाना, यही वह विकल्प है, जो किसी को चुनना होता है। यह समय और दिन उससे पार जाने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। अंग्रेजी शब्द 'साइलेंस' वास्तव में बहुत कुछ नहीं कहता है। संस्कृत भाषा में मौन के लिए कई शब्द हैं। 'मौन' और 'निशब्द' दो महत्वपूर्ण अर्थ है- मौन, जैसा कि हम आमतौर पर जानते हैं- आप बोलते नहीं हैं; यह निशब्द बनाने का एक प्रयास है।

# अपनी इच्छाओं का दमन नहीं शमन करें



संकलित

प्रेरणा

जब आप इच्छा का निरीक्षण करते हैं, तब क्या आप किसी अजनबी की तरह उसे देखते हैं? या इच्छा उठने के साथ ही उसका निरीक्षण करते चलते हैं? ऐसा नहीं कि इच्छा करनेवाले व्यक्ति की इच्छा अलग है; इच्छा करनेवाला ही स्वयं इच्छा है। इच्छा हमारे जीवन की एक अत्यावश्यक प्राणभूत प्रेरणा है। हम इच्छा मात्र की बात कर रहे हैं, किसी विशिष्ट चीज को पाने की इच्छा के बारे में नहीं। सारे धर्मों ने कहा है कि यदि आप भगवान को पाना चाहते हैं तो इच्छा को वश में करना होगा, इच्छा को नष्ट करना होगा, इच्छा को नियंत्रित करना होगा। सारे धर्मों ने कहा है इच्छा के स्थान पर विचार द्वारा बनाई किसी प्रतिमा की स्थापना करो, यानी वास्तविक के स्थान पर काल्पनिक की स्थापना। इच्छा वास्तविक है, ज्वलंत है और लोग समझते हैं कि उसके स्थान पर किसी दूसरी चीज की स्थापना करने से उस पर काबू पा लिया जाएगा। या फिर आप उस व्यक्ति की शरण में चले जाते हैं, जिसे आप महात्मा, परमात्मा, गुरु मानते हैं। और ये सब विचार के ही क्रिया-कलाप हैं। सारे धार्मिक चिंतन का यही ढांचा रहा है। इच्छा की समग्र गतिविधि को समझना हमारे लिए आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट है कि वह न तो प्रेम है और न ही करुणा। प्रेम और करुणा की अपनी स्वयं की एक प्रज्ञा होती है; वह धूर्त विचार की बुद्धिमत्ता नहीं होती। अत इच्छा का स्वरूप क्या है तथा इच्छा हमारे जीवन में इतनी असाधारण भूमिका क्यों निभाती रही है, यह समझ लेना महत्वपूर्ण है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक


सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा है, जो वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न!

*विजय कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# डीपसीक के नए चैटबॉट से चीन-अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धा

चीनी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप डीपसीक के नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैटबॉट ने एआई के विकास में चीन और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धा के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। अनेक उपयोगकर्ता ओपनएआई के चैटजीपीटी के प्रतिद्वंद्वी का परीक्षण कर रहे हैं। डीपसीक का 'एआई असिस्टेंट' मंगलवार दोपहर ऐपल के आईफोन स्टोर पर डाउनलोड किया जाने वाला पहले नंबर का मुफ्त ऐप बन गया और इसकी शुरुआत के कारण अमेरिकी शेयर बाजार (वॉल स्ट्रीट) में बड़ी गिरावट देखी गई। एआई उद्योग पर चीनी चैटबॉट का अंतिम प्रभाव अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह संवेदनशील चीनी विषयों पर उत्तरों को 'सेंसर' करता प्रतीत होता है, जो आमतौर पर चीन के इंटरनेट पर देखा जाता है। चीन ने 2023 में ऐसे नियम जारी किए थे जिनमें कंपनियों को अपने उत्पादों को सार्वजनिक रूप से शुरू करने से पहले सुरक्षा समीक्षा करने और अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता थी। चीन और अमेरिका के चैटबॉट पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर अपने हिसाब से अलग-अलग तरीके से देते हैं। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति का नाम पूछे जाने पर दोनों ही चैटबॉट ने गलती से डोनाल्ड ट्रंप की जगह जो बाइडन का नाम लिया।




## ऑफ बीट

# 'गहराई से सुनें': क्या कहती है प्रकृति

क्या आपने कभी कुछ देर रुक कर प्रकृति की आहट सुनी है? गहराई से, खामोशी से और धैर्य से? नहीं? कोई बात नहीं, अभी भी इसे सुनने का समय बचा है। गहराई से आवाजों को सुनना एक हुनर है और इस हुनर को सीखा जा सकता है। किसी खास प्रजाति के पक्षी की आवाज या उसका गीत कानों में पड़ना एक बात है और प्रकृति में बसी आवाजों को गहराई से, ठहरकर, शांति से सुनना एक दूसरा ही अनुभव होता है। प्रकृति की आवाजों को गहराई से सुनने का अर्थ है, बहुत सी प्रजातियों के बीच के संबंधों, उनके व्यवहार और उनके आपसी संवाद को गहराई से सुनना और उस सुने हुए से सीखना। मूल जातीय लोग आस्ट्रेलिया और दूसरे क्षेत्रों में हजारों सालों से यह काम कर रहे हैं। कारूलकियालु काउंटी में रहने वाले मूल जातीय लोगों के ज्ञान की रौशनी और उनकी निगरानी में मैं पीएचडी शोध कर रहा हूं। इसमें मैं उन प्रक्रियाओं के बारे में समझ रहा हूं जिनसे ये लोग प्रकृति से जुड़े हुए हैं और देख रहा हूं कि किस प्रकार गहराई से सुनने की इस मूल जातीय अवधारणा को आस्ट्रेलिया की शिक्षा व्यवस्था में समाहित किया जा सकता है। पिछले काम पर आधारित प्रोजेक्ट ने छात्रों के परिणामों और शिक्षकों के कल्याण के संबंध में सकारात्मक नतीजे दिए हैं।



## ट्रेंड

### लाजपत राय को नमन

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने वाले महान क्रांतिकारी, 'पंजाब केसरी' के रूप में विख्यात लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन करता हूं।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



### दिल्ली में कमल खिलेगा

विकास, डबल इंजन की सरकार से ही आगे बढ़ सकता है। मंगोलपुरी की जनता-जनार्दन का यह अपार उत्साह इस बात का उद्घोष है कि दिल्ली में विकास और सुशासन का कमल खिलने जा रहा है, जन आशीर्वाद से डबल इंजन की भाजपा सरकार बनने जा रही है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### किसानों के लोन माफ़ हों

आदरणीय प्रधानमंत्री जी, अमीरों के करोड़ों के लोन माफ़ करने की जगह देश के किसानों और मिडिल क्लास के लोन माफ़ किए जाएं, मिडिल क्लास पर टैक्स का बोझ भी कम किया जाए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### योगी शासन में सुरक्षा नहीं

यूपी के बागपत में आयोजित निर्वाण धार्मिक महोत्सव में सरकारी प्रशासनिक अनदेखी व लापरवाही के कारण भीड़ नियंत्रण की कोई मॉनिटरिंग ना होने के कारण हादसा हुआ योगी सरकार धर्म के नाम पर तमाशा बना रही है,जनता को कोई सुरक्षा नहीं मिल रही।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# देश में पांच सालों में डबल हो गई क्रेडिट कार्ड की संख्या, डेबिट कार्ड से किनारा

## भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, क्रेडिट कार्ड की संख्या लगभग 10.80 करोड़ हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में क्रेडिट कार्ड की डिमांड में जोरदार इजाफा हुआ है। बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक रिपोर्ट जारी किया है जिसके मुताबिक दिसंबर, 2019 से पिछले पांच साल में क्रेडिट कार्ड की संख्या दोगुनी से अधिक होकर लगभग 10.80 करोड़ हो गई है। हालांकि इस दौरान डेबिट कार्ड की संख्या अपेक्षाकृत स्थिर रही है।

आरबीआई के रिपोर्ट में कहा गया कि दिसंबर, 2024 के अंत में क्रेडिट कार्ड की संख्या दिसंबर, 2019 की तुलना में दोगुना से अधिक होकर लगभग 10.80 करोड़ हो गई। दिसंबर, 2019 में 5.53 करोड़ क्रेडिट कार्ड प्रचलन में थे। इसके उलट डेबिट कार्ड की संख्या अपेक्षाकृत स्थिर रही है, जो दिसंबर, 2019 के 80.53 करोड़ से मामूली बढ़कर दिसंबर, 2024 में 99.09 करोड़ से थोड़ी अधिक हो गई है।

### मात्रा के लिहाज से 6.7 गुना बढ़ा

दिसंबर, 2024 की भुगतान प्रणाली रिपोर्ट में कहा गया, 'पिछले पांच वर्षों में भारत में डिजिटल भुगतान लेनदेन की मात्रा के लिहाज से 6.7 गुना और मूल्य के लिहाज से 1.6 गुना बढ़ा। यह पिछले पांच साल में डिजिटल भुगतान की मात्रा के लिहाज से 45.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और मूल्य के लिहाज से 10.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है।'



### क्रॉस बार्डर पेमेंट में तेजी लाने का प्रयास

आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वो दूसरे देशों के साथ फास्ट पेमेंट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई लिंक करने के जरिए क्रॉस बार्डर पेमेंट में तेजी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आरबीआई ने कहा, ऐसे लिंकेज के जरिए क्रॉस-बार्डर रेमीटेंस पेमेंट में हाई कॉस्ट, लो स्पीड, लिमिटेड एक्सेस और पारदर्शिता की कमी जैसी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। भारत के यूपीआई और सिंगापुर के पेनाऊ को फरवरी 2023 में लिंक किया गया था।

### डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ा

पिछले दशक में भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ा है। कैलेंडर वर्ष 2013 में 772 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 222 करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए थे, और यह 2024 में संख्या के लिहाज से 94 गुना बढ़कर 20,787 करोड़ लेनदेन और मूल्य के लिहाज से 3.5 गुना बढ़कर 2,758 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप



### रुपया 25 पैसे टूटकर 86.56 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 25 पैसे टूटकर 86.56 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकियों के बीच वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर हुई जिसका असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की डॉलर मांग के साथ ही कमजोर जोखिम क्षमता के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.53 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला।

### टीवीएस मोटर का शुद्ध लाभ 20 फीसदी बढ़ा

TVS

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 609.35 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही से 20 प्रतिशत अधिक है। दोपहिया एवं तिपहिया बनाने वाली प्रमुख कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर तिमाही में बिक्री बढ़ने से उसका एकीकृत लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 609.35 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 509.61 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 11,134.63 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 10,113.94 करोड़ रुपये थी।

## एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच युवाओं के कौशल विकास के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई और छत्तीसगढ़ सरकार ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. इसके तहत पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा दी जाएगी।

मुकेश बंसल,सेक्रेटरी- फाइनेंस, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, कमर्शियल टैक्स (जीएसटी) और सेक्रेटरी-चीफ मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ सरकार; और श्रीराम कृष्णन, चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई, द्वारा मंगलवार को छत्तीसगढ़ में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एनएसई, पूरे राज्य में स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम की सुविधा प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा) क्षेत्र में




जागरूकता बढ़ाना, कौशल और क्षमता का निर्माण करना है। इस प्रोजेक्ट से बीएफएसआई क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कौशल विकास, जो रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, वर्ष 2024 के केंद्रीय बजट और केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति (2020) के मुख्य पहलुओं में से एक है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाता है और राज्य के युवाओं को बीएफएसआई क्षेत्र में आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए तैयार है, जिससे वे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसरों से जुड़ सकेंगे।

### हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा बढ़कर हुआ 32 प्रतिशत

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 2,678 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 2,028 करोड़ रुपये रहा था। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अक्टूबर-दिसंबर, 2024 की अवधि में उसकी एकीकृत आय बढ़कर 8,832 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,606 करोड़ रुपये थी।

## बैंकिंग व अकाउंटिंग समाधानों के लिए एक्सिस बैंक का ईआरपी से समझौता

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) ग्राहकों को सरलीकृत व्यावसायिक बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए एकीकृत व्यावसायिक एप्लीकेशन में एक प्रमुख खिलाड़ी मार्ग ईआरपी के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य अकाउंटिंग और बैंकिंग समाधानों को एक ही स्थान पर लाना है,और यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को अकाउंटिंग और बैंकिंग एप्लीकेशन के बीच टॉगल करने की आवश्यकता न हो। यह गठजोड़ एक्सिस बैंक के चालू खाताधारकों को अपने व्यावसायिक खातों को सीधे मार्ग ईआरपी सॉफ्टवेयर से जोड़ने में सक्षम बनाता है, जिससे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस और अन्य जैसे सभी बैंकिंग लेनदेन के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत मंच तैयार होता है। एक्सिस बैंक के चालू खाताधारक आसानी से मार्ग ईआरपी में लॉग इन कर सकते हैं, आवश्यक बिलों का चयन कर सकते हैं और अपने जुड़े एक्सिस बैंक खाते के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया कर सकते हैं।






## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर का निशुल्क कैंसर जांच शिविर संपन्न

**दुर्ग।** जनवरी 2025 में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर ने भिलाई स्टील प्लांट सीएसआर डिपार्टमेंट के सहयोग से एक निशुल्क कैंसर जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस कैंप का उद्देश्य कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और जागरूकता बढ़ाना था, साथ ही लोगों को आत्म-परीक्षण तकनीकों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ जेएलएन हॉस्पिटल सेक्टर 9, डॉ. विनीता द्विवेदी और जीएम बीएसपी सीएसआर, शिव रंजन ने किया। वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अजीत अग्रवाल ने विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करते हुए शिविर में उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित की। शिविर में 70 से अधिक लोगों ने स्क्रीनिंग और परामर्श का लाभ उठाया। कार्यक्रम की सफलता को देखकर, सीएसआर डिपार्टमेंट ने भविष्य में और शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया ताकि इसका लाभ और लोगों तक पहुंचे।



### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क फाइब्रोस्कैन व एंडोस्कोपी शिविर कल से

**रायपुर।** भाटागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल ने मरीजों के लिए एक खास पहल की घोषणा की है। अस्पताल में 30 और 31 जनवरी को निशुल्क फाइब्रोस्कैन और एंडोस्कोपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर उन मरीजों के लिए राहतकारी होगा जो लिवर और पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। 30 जनवरी को लिवर रोगों के निदान के लिए फाइब्रोस्कैन की सुविधा और 31 जनवरी को पेट रोगों के निदान के लिए एंडोस्कोपी निशुल्क उपलब्ध होगी। उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम है, जो जटिल रोगों का सही निदान और इलाज करती है। यह शिविर उन मरीजों के लिए लाभकारी है, जिन्हें नियमित जांच करवाने में दिक्कत होती है। मरीजों को इस शिविर का लाभ उठाने के लिए अग्रिम पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके दौरान मरीजों को अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श का अवसर भी मिलेगा।

UMH आयुष्मान भव: 24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा

## एक-तिहाई लोगों ने तत्काल भुगतान घोटाले में पैसा गंवाया



एजेंसी ▶▶| मुंबई

(भाषा) वैश्विक विश्लेषण सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ की रिपोर्ट के अनुसार उसके एक सर्वेक्षण में शामिल एक-तिहाई से अधिक लोगों ने तत्काल भुगतान से जुड़े घोटालों में पैसा खोने की बात कही। भारत के वास्तविक समय के भुगतान (आरटीपी) पारिस्थितिकी तंत्र में घोटालों के बढ़ते खतरे को उजागर करते हुए 34 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उन वस्तुओं, सेवाओं या निवेश के लिए भुगतान करने की सूचना दी, जो उन्हें कभी नहीं मिले।

- सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ ने जारी की रिपोर्ट

रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने घोटालेबाजों से संदेश मिलने की बात कही और 54 प्रतिशत ने कहा कि उनके मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ धोखाधड़ी हुई है। एफआईसीओ के एशिया में प्रबंध निदेशक दत्तू कोम्पेला ने कहा, ''वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में कम भारतीय उपभोक्ताओं ने नुकसान की सूचना दी है। साथ ही 56 प्रतिशत धोखाधड़ी में नुकसान अपेक्षाकृत छोटे थे (50,000 रुपये से कम), लेकिन यह राशि कई परिवारों के लिए बहुत बड़ा नुकसान हो सकती है।''कोम्पेला ने कहा कि उपभोक्ताओं, व्यवसायों और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं के बीच अधिक लेनदेन होने के कारण आरटीपी का उपयोग बढ़ता रहेगा। एफआईसीओ का सर्वेक्षण 2024 में एक स्वतंत्र शोध कंपनी ने किया। इसमें 14 देशों के लगभग 11,000 उपभोक्ताओं से रायशुमारी की गई, जिसमें लगभग एक हजार भारतीय शामिल हैं।


# सपनों को करें साकार नवप्रवर्तन को प्रेरणा अपार

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(₹करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 03 माह समाप्त | | 09 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष | 03 माह समाप्त | | 09 माह समाप्त | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्टैंडएलोन | | | | | कंसोलिडेटेड | | | | |
| | | 31.12.2024 | 31.12.2023 (पुनः प्रस्तुत)^ | 31.12.2024 | 31.12.2023 (पुनः प्रस्तुत)^ | 31.03.2024 | 31.12.2024 | 31.12.2023 (पुनः प्रस्तुत)^ | 31.12.2024 | 31.12.2023 (पुनः प्रस्तुत)^ | 31.12.2024 |
| | | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 7277.09 | 5503.81 | 19346.11 | 15632.53 | 23892.78 | 7277.09 | 5503.81 | 19346.11 | 15632.53 | 23892.78 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादत्मक मदों से पूर्व) | 168.82 | 70.49 | 20.65 | (410.73) | 220.33 | 160.49 | 62.16 | (7.91) | (444.05) | 178.68 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 168.82 | 70.49 | 20.65 | (410.73) | 220.33 | 178.75 | 84.49 | 41.18 | (393.66) | 242.66 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) | 124.77 | 46.31 | 8.92 | (224.47) | 259.89 | 134.70 | 60.31 | 29.45 | (207.40) | 282.22 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 100.94 | 34.13 | (62.58) | (261.01) | 177.48 | 110.79 | 48.09 | (41.85) | (243.91) | 199.67 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24004.55 | 23715.68 | 24004.55 | 23715.68 | 24154.18 | 23613.35 | 23298.66 | 23613.35 | 23298.66 | 23742.24 |
| 8 | निवल मूल्य | 24700.96 | 24412.09 | 24700.96 | 24412.09 | 24850.59 | 24309.76 | 23995.07 | 24309.76 | 23995.07 | 24438.65 |
| 9 | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | 0.36 | 0.13 | 0.03 | (0.64) | 0.75 | 0.39 | 0.17 | 0.08 | (0.60) | 0.81 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

^ पुनः प्रस्तुत कृप्या नोट 3 देखें

नोट:
1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप जहाँ भी आवश्यक समझा गया, आँकड़ों को पुनः समूही/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। गौरतलब है कि चूंकि वर्तमान में बीएचईएल के बोर्ड में एक ही स्वतंत्र निदेशक है, इसलिए कोरम के अभाव में बोर्ड स्तरीय ऑडिट समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा सकती है। तदनुसार, परिणाम सीधे 28.01.2025 को आयोजित बोर्ड बैठक में रखे गए और इस बैठक में निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा के पश्चात अनुमोदित किया गया।
3. अनुबंध परिसंपत्तियों के संबंध में अपेक्षित क्रेडिट घाटे की गणना करते "समय धन" (Time Value) को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2023–24 में कंपनी द्वारा लेखांकन नीति में बदलाव के अनुरूप 31.12.2023 को समाप्त नो माह के लिए वित्तीय विवरण को फिर से तैयार किया गया है। FY 23-24 के लिए समायोजन का प्रभाव अन्य खर्चों (प्रावधान और राइट ऑफ) मे 279.40 करोड़ रुपये की कमी और कर व्यय (स्थगित कर) मे 70.32 करोड़ रुपये की वृद्धि है और Q3/23–24 तक क्रमशः 699.40 करोड़ रुपये की कमी और 176.02 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।
4. व्यापर प्राप्तियों में ग्राहक एसटीपीजी (पूर्व में एनईसी सूडान) से 211 करोड़ रुपये (25.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की अतिदेय राशि शामिल है, जो गृह युद्ध के कारण अटकी हुई है, जिसे अच्छा माना गया है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार इसका प्रावधान नही किया गया। यदि यह राशि प्रदान की गई होती तो, तो 'कर पूर्व लाभ' पर प्रभाव 211 करोड़ रुपये है।
5. रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार देनदारों में वसूली के आधार पर (परीक्षण संचालन से 3 वर्ष से अधिक) आरवीयूएनएल/सूरतगढ़ 7 और 8 प्रोजेक्ट (2x660 मेगावाट) से 258 करोड़ रुपये का बकाया शामिल है। यदि पूरी राशि प्रदान की गई होती, तो 'कर पूर्व लाभ' पर प्रभाव रु. 258 करोड़ होगा
6. कंपनी के निम्नलिखित संयुक्त उद्यम हैं: बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस), रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल), पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड (पीपीआईएल) और भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)। वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक कंपनी (सब्सिडियरी) और सहयोगी (एसोसिएट्स) नहीं है।
7. उपरोक्त 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दायर विस्तृत वित्तीय परिणामों का सार है। उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाते, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन आरक्षित, ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए है। लिस्टिंग विनियमों के विनियम 52(4) में निर्दिष्ट प्रकटीकरण सहित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटो: www.nseindia.com और www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 28.01.2025

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक




शेयरधारकगण इस संबंध में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा हमारी वेबसाइट (www.bhel.com) पर निवेशक संबंध पेज का अवलोकन कर सकते हैं।

बीएचईएल BHEL
**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281 | फोन: 011-66337598
ई–मेल: shareholderquery@bhel.in | www.bhel.com

हमें फॉलो करें
/BHELOfficial /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel

दिल्ली के कालका जी की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री शाह

# ‘दिल्ली में झूठ और फरेब की सरकार 5 को ‘आपदा’ से मुक्त होने का मौका’

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**5 फरवरी को होना है दिल्ली विस चुनाव**



दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब महज चंद रोज ही रह गए हैं, ऐसे में सभी पार्टियां धुआंधार प्रचार में जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली के कालका जी में चुनावी सभा कर सूबे की आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 5 तारीख दिल्ली वालों के लिए केजरीवाल की आपदा से मुक्त होने का मौका है। दिल्ली में झूठ, फरेब वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की सरकार है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वो कह रहे है कि यमुना में जहर मिलाया है, लेकिन जल विभाग ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। शाह ने आगे कहा कि केजरीवाल ने अन्ना आंदोलन के दौरान कहा था कि वो राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे लेकिन बनाया। कांग्रेस का समर्थन भी लिया, गाड़ी और बंगला भी लिया। 51 करोड़ का शीश महल बनाया।

## जहां रुमाल रखो, वहीं वक्फ की प्रॉपर्टी : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिल्ली में चुनावी सभा की। उन्होंने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना साधा। योगी ने कहा जहां रुमाल रखो वहीं वक्फ की प्रॉपर्टी हो गई है। वक्फ के जरिए अब जमीन हथियाने का सिलसिला बंद होने वाला है और इसकी वजह से ‘आप’, कांग्रेस में बौखलाहट है। यूपी के सीएम ने केंद्र सरकार की ओर से बनाए जा रहे वक्फ बोर्ड संशोधित कानून की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है।

## केजरी ने दिल्ली को सबसे बड़ा शराब घोटाला दे दिया : राहुल



कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी दिल्ली के चुनावी रण में उतर गए हैं। पटपड़गंज की चुनाव सभा में उन्होंने मंगलवार को जमकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। राहुल ने कहा, केजरीवाल ने अलग ढंग की राजनीति का वादा किया था लेकिन दिल्ली को सबसे बड़ा शराब घोटाला दे दिया। ‘केजरीवाल जी के मन में जो आता है, वो कह देते हैं। पहले आए थे तो छोटी गाड़ी में चलते थे, बिजली के खंभे पर चढ़ गए थे, कहा था कि दिल्ली को बदल देंगे। साफ-सुथरी राजनीति की बात भी की थी, लेकिन अब वे ‘शीशमहल’ में रहने लगे। राहुल ने दिल्ली दंगों का जिक्र करते हुए कहा, केजरीवाल उस समय नजर नहीं आए जब गरीबों को उनकी जरूरत थी, जब दिल्ली ने हिंसा का सामना किया।

घोंडा विधानसभा क्षेत्र में किया चुनाव प्रचार

# दिल्ली चुनाव में मुंबई की धारावी को ले आए केजरीवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर मंगलवार को आप संयोजक आरविंद केजरीवाल घोंडा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान दिल्ली के झुग्गी वालों को लेकर बात करते हुए उन्होंने चेताया कि अगर दिल्ली में बीजेपी की सरकार आ गई तो वो झुग्गियों की जमीन अपने दोस्त को दे देंगे। केजरीवाल का इशारा मुंबई की धरावी झुग्गी बस्ती की तरफ था, जिसका अदाणी ग्रुप रिडेवलपमेंट करने जा रहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोंडा विधानसभा क्षेत्र में झुग्गी बस्ती वालों को सचेत करते हुए कहा कि अगर यहां झुग्गी बस्ती वाले लोग आए हों तो मैं उनको सचेत करना चाहता हूं। केजरीवाल ने बीजेपी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इनकी नजर झुग्गीवालों की जमीन पर है। पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली की जिस जमीन पर झुग्गियां हैं, वो अरबों-खरबों रुपए की है।

### दिल्लीवालों को भी दिखाया डर

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं आने जा रही है, लेकिन अगर आ गई तो याद रखिएगा कि आपकी झुग्गियों वाली जमीन ये अपने दोस्तों को दे देंगे। इस दौरान केजरीवाल ने दिल्ली के झुग्गीवालों को अश्वासन देते हुए कहा कि याद रखना जब तक आपका भाई जिंदा है, तब तक आपके सिर से छत नहीं टूटने दूंगा। इस जनसभा के दौरान केजरीवाल ने दिल्ली के वोटर्स से कई वादे किए और आम आदमी पार्टी को वोट देने की अपील की।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**
**3rd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**55**/24-25 Dated **27.01.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of - Banjhi Bazaar (Shaheed Chowk) -Mandro Block road via Mahadevganj asthan Birbalkandar, Marangtand road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 18.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 30,000/- (Rupees Thirty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 29.01.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 06.02.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 07.02.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 343908 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 345267 (Road) 24-25 (D)


## श्रीहरिकोटा से आज लॉन्च होगा जीएसएलवी-एफ-15

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के ऐतिहासिक 100वें मिशन के लिए 27 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हो गई। इस मिशन के तहत इसरो श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन होगा। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। 27.30 घंटे की उल्टी गिनती सोमवार देर रात 2 बजकर 53 मिनट पर शुरू हुई। जीएसएलवी-एफ-15 को 29 जनवरी, 2025 को सुबह 6:23 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाना है।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**SHORT e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 333/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of line differential protection in under construction 400 kV D/C QM Katia – Patratu Transmission line on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,14,13,698.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,28,500.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 03.02.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 03.02.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 18.02.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 19.02.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(8987421011)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 345254 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



**Govt. of Jharkhand**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**Road Divison , Seraikella-Kharsawan**

**e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. RCD/SERAIKELLA/22**
**Date :- 27.01.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Work of Adityapur-Kandra Main road (Gamharia Cinema Hall) to Sapra via Bhurkadih, hathiyadih to Bhatiya Toll Bridge road from Km. 0.00 to Km. 8.40 (Total Length 8.40 Km.) for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 6,07,22,221.36 (Rupees Six Crores Seven Lakh Twenty Two Thousand Two Hundred Twenty One and Paise Thirty Six) only |
| 3. | Cost o f BoQ (Rs.) | Rs. 10,000.00 (Ten Thousand) only |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | Rs. 6,08,000.00 (Rupees Six Lakh Eight Thousand) Only |
| 5. | Time of Completion | 03 (Three) Months |
| 6. | Last Date /Time for receipt of bids | 18.02.2025 (12.00 Noon) |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 31.01.2025 (10.30 AM) |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Sri Ashok Kumar Rajak, O/o Executive Engineer , Road Construction Department , Road Division , Seraikella-Kharsawan |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 9199867872 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Estimated Cost may be increase or decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
RCD , Road Division Seraikella-Kharsawan

PR.NO.345296 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25):D


## श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 भारतीय मछुआरे घायल

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

■ भारत ने श्रीलंकाई उच्चायुक्त को किया तलब

भारत और श्रीलंका के बीच एक बार फिर से मछुआरों के मामले पर तनाव में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मंगलवार सुबह तड़के डेल्फ्ट द्वीप के पास तमिलनाडु के 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंका की नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से जिम्मेदार है। जिसमें 5 मछुआरे घायल हुए हैं। घटना को लेकर भारत ने श्रीलंका के समक्ष बेहद कड़े अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने श्रीलंका के कार्यकारी उच्चायुक्त को तलब कर यह स्पष्ट कर दिया कि श्रीलंका को मछुआरों के मामले को मानवीय और मानवीयता के आधार पर देखने को आवश्यकता है।

### श्रीलंका का तर्क

श्रीलंका का कहना है कि यह पूरा मामला भारतीय मछुआरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय जल सीमा को पार कर उसके जलक्षेत्र में अवैध तरीके से प्रवेश कर मछली पकड़ने से जुड़ा हुआ है। घटना के दौरान मछुआरे अपनी नौकाओं पर सवार थे। श्रीलंका की नौसेना ने उन्हें पकड़ने के लिए गोलीबारी की। इसमें कुछ ने भागने की कोशिश की लेकिन वो सफल नहीं हो सके और अंततः उन्हें हिरासत में लेकर नौकाओं को जब्त कर लिया गया है।

30 दिन रहेंगे जेल से बाहर

## दिल्ली चुनाव से पहले राम रहीम को फिर पैरोल

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम



दिल्ली विधानसभा चुनावों से कुछ दिन पहले, डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 30 दिन की पैरोल दी गई है। राम रहीम मंगलवार सुबह 6 बजे रोहतक की सुनरिया जेल से बाहर आए और सीधे सिरसा स्थित अपने डेरे सच्चा सौदा मुख्यालय पहुंचे। यह 2017 में अपनी पहली सजा के बाद से राम रहीम को दी गई पैरोल या फरलो का 12वां मौका है और हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और अब दिल्ली में मतदान से पहले आठवां अवसर है। दिल्ली में राम रहीम का बड़ा अनुसरण है। डेरे सच्चा सौदा की शाखाएं दिल्ली के ईस्ट आजाद नगर और कंझावला में स्थित हैं।

### बड़ा है समर्थक वर्ग

राम रहीम सिंह और उनका डेरे सच्चा सौदा दिल्ली क्षेत्र में एक बड़ा अनुसरण रखते हैं। उनके अनुयायियों का जनसांख्यिकी प्रोफाइल निचला मध्यवर्ग, गरीब और दलित अब तक अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी के समर्थक माने जाते रहे हैं। त्यागी ने कहा, ‘दिल्ली हरियाणा से अलग है। दिल्ली में, किसी विशेष पार्टी द्वारा क्या पेशकश की जाती है, यह मतदाताओं के लिए आध्यात्मिक गुरु के निर्देशों से ज्यादा महत्वपूर्ण है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000. (RO-3257)

**पैकेजिंग/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य , माल पैकेजिंग एवं डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें: डुको आर्ट प्रा. लि. शादीजा कंपाउंड एल आई जी-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-om)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल बस एवं मैजिक चलाने हेतु (बैच वाले) अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता। पता: केंट इंटरनेशनल स्कूल, अमलेश्वर रोड, ग्राम-झीट, खुड़मुड़ी रोड, सुबह 10 से 2 बजे तक सम्पर्क करें - 7880111062 पर बायोडाटा वाट्सएप करें। (RO-6967)

आवश्यकता है- किस्टा/डिजायर टैक्सी चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है जिसको बाहर रहने में कोई तकलीफ ना हो वही कॉल करें अमलीडीह रायुपर 7470308181, 7697800066. (RO-7444)

आवश्यकता है- ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन:- 12,000/- समय 12 घंटे सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक पता:- बी.फिट फिटनेस सेंटर के आर.सी टॉवर महादेव घाट रोड रायपुरा मों. :- 7415540290, 7828888438. (RO-6201)

**टेलीकॉलर/टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता - 12वीं , टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 4, सर्विस टेक्निशियन - 2 , ऑफिस बॉय -1 संपर्क :- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-om)

**सुरक्षाकर्मी**

आवश्यकता है- Blue Light Intelligence Security में सुरक्षा कर्मियों की तत्काल आवश्यकता है। Job Location - Kachna, Telibandha, Raipur , Vijay - 6261704334. (RO-822)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 संपर्क:- उतई दुर्ग मो.97544.09440, 99930-31494. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-7443)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- अग्रसेन आई टी आई हेतु computer operater - 1 पद (हिंदी/इंग्लिश टाइपिंग अनिवार्य), प्रशिक्षण अधिकारी, ट्रेड इलेक्ट्रीशियन योग्यता B.E./ Diploma/ITI pass की आवश्यकता है। आवेदन मेल करे : agraseniti@gmail.com(आरो न.-7158)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता, 10 वी, 12 वी, स्वयं की बाईक अनिवार्य संपर्क करेः- रामा मेडिटेक, गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर- 15/A, रायपुर, 7089933233. (RO-901)

**सिविल इंजीनियर**

आवश्यकता है- रायपुर से 60 कि. मी. तिल्दा, महासमुंद क्षेत्र में- 1. कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु सिविल इंजीनियर (बी. ई. सिविल) 2. उद्यानिकी कार्य हेतु उद्यान विशेषज्ञ (बीएससी व एमएससी हार्टीकल्चर) की। संपर्क- 11 से 1 बजे, नवबोध प्रकाशन, भीमसेन भवन के सामने, समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) ई- मेलः hr@navbodh.com फोन- 0771-4200932. (RO-902)

**कार क्लीनर/कुक**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषो की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। संपर्क करें: 9300593000. (RO-1243)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3253)

**टीचर**

आवश्यकता है- अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा दुर्ग एवं कोहका भिलाई में सभी विषय हेतु बीएसपी/शासकीय स्कूलों के रिटायर्ड शिक्षकों की आवश्यकता है। आवेदन मेल करे : aisbhilai@gmail.com (आरो न.-7157)

**फील्ड एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में फील्ड एक्जीक्यूटिव और फील्ड ऑफिसर युवक/ युवती की आवश्यकता है अपने ही क्षेत्र में रहकर कार्य करें शिक्षा- 10वीं से स्नातक वेतन- 10000 से 25000+ इंसेंटिव सम्पर्क करें- कुशालपुर चौक, रायपुर 9575666367. (RO-36592)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3026)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7450945537, 8335088415. (RO-818)

आवश्यकता है-आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425.. (RO-661)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 8240426971, 9163849676. (RO-755)

**Services**
**सर्विसेस**

सर्विस - वजन कम करना है या बढ़ाना है??? जाने हमसे... दवाइयों को कहें अलविदा! स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर, खाने की आदतों में बदलाव लाकर हासिल करें अपने सपनों का शरीर! हमारी सेवाएं: शरीर की जांच स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम व्यक्तिगत स्वास्थ्य सलाहकार संपर्क करें: 7999758499. (RO-om)

**Property**
**प्रापर्टी**

मकान बेचना है- डुप्लेक्स मकान बेचना है साई नगर वेलफेयर सोसायटी धमतरी रोड अभनपुर में डुप्लेक्स बेचना है संपर्क करें-9407455263, 7089313050.(RO-134)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।







## जैकेट के शेष

### पंचायत चुनाव का ....

हैं कि पिछली बार हुए पंचायतों के चुनाव में डेढ़ लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की, इनमें से 58 हजार की जमानत जब्त हो गई। इसके साथ ही उनकी जमानत राशि 3 करोड़ 34 लाख रुपए सरकारी कोष में जमा हो गए। **पिछले चुनाव में इतने ने जमानत गंवाई** : राज्य में 2019 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में जमानत गंवाने वालों का ब्योरा इस प्रकार है। पंच 33 हजार 207, सरपंच 19 हजार 532, जनपद सदस्य 4 हजार 753 और जिला पंचायत सदस्य 723 ने चुनाव लडा, ये लोग न केवल हारे बल्कि अपनी जमानत भी नहीं बचा सके। इनकी जमानत राशि जब्त कर ली गई। जमानत राशि जो जब्त की गई उसमें पंच पद के प्रत्याशियों से 2019 में मिली राशि 16 लाख 60 हजार रुपए। सरपंच पद के प्रत्याशियों से 1 करोड़ 92 लाख 32 हजार, जनपद सदस्य के प्रत्याशियों से 95 लाख और जिला पंचायत सदस्यों के 28 लाख 92 हजार रुपए जब्त किए गए।

### गांव-गांव में प्रतिष्ठा ....

होता है। इसके अलावा गांवों में ये चुनाव प्रतिष्ठा से जुड़े होते हैं। लोग गांव में अपना-दमखम दिखाकर नेता बनते हैं।

### जमानत बचाना बड़ी ....

के लिए यह राशि 4000 रुपए होती है। किसी भी निर्वाचन के लिए प्रत्याशी की जमानत तभी बचती है जब कुल मतदान में से छह प्रतिशत वोट मिलते हैं। इससे कम मिलने पर जमानत राशि जब्त होती है। खास बात ये है कि राज्य में एससी, एसटी और ओबीसी के प्रत्याशियों को जमानत राशि नहीं देनी पड़ती। यानी पंचायत चुनाव में जमानत गंवाने वाले सारे प्रत्याशी सामान्य वर्ग के हैं।

### ग्रामीणों ने चौपाल ....

पंचायत ने चुनाव से पहले ही सरपंच और पंच का चुनाव कर लिया है। गांव में अब चुनाव कराने की जरूरत ही नहीं है। बस्तर जिले के बस्तर विकासखण्ड का गुमगा ग्राम पंचायत प्रदेश के पहले ग्राम पंचायत के रूप में रिकार्ड में दर्ज हो गया है। नए पंचायत में बिना चुनाव लड़े ही सरपंच सहित 15 पंच सर्वसम्मति से चुन लिए गए हैं। प्रदेश में ऐसा पहला मामला है, जहां त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के 20 दिन पहले ही पंचायत प्रतिनिधि चुन लिए गए हैं। चार दिन पहले यानी बुधवार को गांव में चौपाल यानी ग्रामसभा की बैठक हुई, जिसमें ग्रामीणों ने पंच और सरपंच सर्वसम्मति से चुन लिया।

**सूरज सरपंच और कुमारी बनीं उपसरपंच** : अरचित राम कश्यप की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक हुई। गांव के सभी मुद्दों के साथ ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गुमगा के लिए पंच, उप-सरपंच और सरपंच का चयन किया। ग्रामीणों ने सूरज कुमार बघेल को सर्वसमिति से सरपंच और कुमारी कश्यप को उप सरपंच चुन लिया। वहीं वार्ड क्रमांक-1 में दयावती बघेल, वार्ड से 2 कुमारी कश्यप, वार्ड 3 सरादू कश्यप, वार्ड 4 से श्यामवती बघेल, वार्ड 5 से तुलाराम कश्यप, वार्ड से 6 माहेश्वरी कश्यप, वार्ड-7 से फूलचंद बघेल, वार्ड-8 से लखेश्वर बघेल, वार्ड 9 से वेदवती बघेल, वार्ड से 10 धनमती बघेल को सर्वसम्मति से पंच चुना गया।

**जब तक सिंगल-सिंगल नाम निर्देशन जमा नहीं होगा, निर्वाचित नहीं होंगे** : मीडिया से हमें अभी इसकी जानकारी मिली है। गांव मे भले ही सर्वसम्मति से सरपंच एवं पंचों को चुन लिया गया हो, किंतु जब तक छग राज्य निर्वाचन आयोग के मार्ग दर्शन में सिंगल-सिंगल नाम निर्देशन पत्र सबंधितों द्वारा दाखिल नहीं किया जाता, निर्वाचित घोषित नहीं होंगे। **-भानुप्रताप चुरेन्द्र**, सीईओ,जनपद पंचायत बस्तर

### जिस ईडीटीए ट्यूब ....

इतने मोहित हो चुके थे कि इन कम कीमतों के ट्यूब को नजर अंदाज कर 2352 रुपए प्रतिनग के हिसाब से करोड़ों की खरीदी कर डाली।

# 'हिंदुस्तान और चीन को ट्रंप ने बताया अमेरिका को नुकसान पहुंचाने वाला'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी टैरिफ लगाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिकी हितों का हवाला देते हुए देशों पर टैरिफ लगाने के अपने प्लान के बारे में घोषणा की। उन्होंने अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने वाले देशों में विशेष रूप से चीन, भारत और ब्राजील का नाम लिया। फ्लोरिडा में हाउस रिपब्लिकन्स के एक रिट्रीट के दौरान ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' आर्थिक एजेंडे पर जोर दिया। ट्रंप ने कहा, 'हम उन देशों और संस्थाओं पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। वे हमारे खर्च पर अपने देशों को मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा अब और नहीं होने देंगे।' ट्रंप ने चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका के विरुद्ध अनुचित टैरिफ लागू किया है।

### विदेशी कंपनियों से किया आग्रह

उन्होंने एक बहुत निष्पक्ष प्रणाली स्थापित करने की योजना की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे पैसा अमेरिका के खजाने में आएगा और देश फिर से अमीर बन जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यह बहुत जल्दी होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी कंपनियों से ऊंचे टैरिफ से बचने के लिए अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'अगर आप टैक्स या टैरिफ का भुगतान करना बंद करना चाहते हैं तो आपको यहीं अमेरिका में अपना प्लांट बनाना होगा।

## पेज एक के शेष

### सपना था मेयर बनने...

मिला है। यही हाल प्रदेश के ज्यादातर नगर निगमों का भी रहा है। यहां भी भाजपा और कांग्रेस के कई दावेदार रहे, लेकिन इनका सपना ऐसा टूटा कि इनको पार्षद का भी टिकट के लाले पड़ गए। राजधानी के नगर निगम में मेयर का पद सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। यहां पर जब दावेदारी की बात सामने आई, तो यहां पर भाजपा से नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के साथ ही थोक में महिला नेत्रियों के नाम सामने आए। इनमें सबसे अहम नाम पार्षद सरिता दुबे, सीमा साहू और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पसंद पार्षद विश्वदिनी पांडेय, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, पूर्व पार्षद हेमलता चंद्राकर के नाम अहम रहे। इन नामों में पैनल में तीन से चार नामों की चर्चा ज्यादा रही। अंत में यह भी कहा जा रहा था कि आरएसएस की पसंद विश्वदिनी पांडेय को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

### रायपुर नगर निगम के...

लिए हैं। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर नाराजगी जताते हुए लिखा है कि मेरा तेरा पार्टी को अलविदा। जितेंद्र अग्रवाल, जो निर्दलीय पार्षद के रूप में चुनाव जीतकर कांग्रेस में आए थे, ने भी टिकट न मिलने पर पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। **इन पार्षदों ने निर्दलीय नामांकन भरा** : कांग्रेस की सूची आने के बाद कई दावेदारों को टिकट नहीं मिलने से वे निराश हुए। इनमें से कई लोगों ने निर्दलीय चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें ब्राम्हण पारा वार्ड से आकाश देवांगन, हेमू कलाणी वार्ड से हरदीप होरा, जसबीर ढिल्लन, इंदिरा गांधी वार्ड से विमल गुप्ता, महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड से जितेंद्र अग्रवाल, पुरुषोत्तम बेहरा, आकाश तिवारी और समीर अख्तर ने नामांकन दाखिल किया है। **पूनम ने दिया इस्तीफा** : टिकट नहीं मिलने से नाराज प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस के पद से पूनम पांडे ने इस्तीफा दे दिया। वहीं कांग्रेस के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रहे हरदीप सिंह उर्फ बंटी होरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पूनम पांडे ने सोशल मीडिया में लिखा, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस के पद से इस्तीफा देती हूं, क्योंकि मेरे लिए आत्म सम्मान से बड़ा कुछ नहीं है। मैं पत्रकारिता छोड़कर लगातार कांग्रेस पार्टी में कई सालों से महिला कांग्रेस में रहते हुए पार्टी के साथ जुड़कर काम किया। महिला कांग्रेस में अपनी सक्रियता और सहभागिता दिखाते हुए काम करती रही, पर आज मेरे साथ पार्टी ने अनदेखा किया है

### महापौर पद के दावेदारों...

खास तौर पर कांग्रेस में कलह तो खुलकर सामने आ गई है। एक दूसरे को निपटाने के आरोप लगने के साथ ही टिकिट बिक्री के आरोप भी लगे हैं। एक दिन पहले कांग्रेस भवन में पार्षदी पद के दावेदार तैय्यब हूसैन ने जमकर हंगामा मचाया था। मंगलवार को उन्होंने कांग्रेस से टिकिट नहीं मिलने पर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल कर दिया। इसी तरह त्रिलोक श्रीवास ने भी नामांकन दाखिल करते हुए विरोध का बिगूल फूंक दिया है। जाहिर है आगामी चुनाव में भी कांग्रेस की नैय्या आसानी से पार होती नहीं दिख रही है। बिलासपुर में महापौर का पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद पिछड़ा वर्ग के नेता, पूर्व पार्षद, महापौर, सभापति दावेदारी के लिए सक्रिय हो गए थे। ऐसे पार्षद जो सभापति या नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं, उन्होंने अपनी पत्नी का नाम भी महापौर प्रत्याशी के लिए आगे कर दिया था। कांग्रेस की बात करें तो महापौर पद के लिए प्रमोद नायक, रामशरण यादव, राजेश शुक्ला, विनोद साहू, लक्की यादव, त्रिलोक श्रीवास, भरत कश्यप, भास्कर यादव के नाम दौड़ में थे। इसमें से कांग्रेस ने सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होंने नामांकन दाखिल भी कर दिया। राजेश शुक्ला ने अपनी पत्नी को पार्षद के लिए मैदान में उतारा है। इसके साथ ही खपरगंज से तैय्यब हूसैन का टिकिट काट दिया गया है। गांधी चौक वार्ड से पुराने एल्डरमैन शैलेन्द्र जायसवाल महापौर पद के दावेदार थे। उन्हें पार्षद का भी टिकिट नहीं मिला। इसी तरह भाजपा में विनोद सोनी, बंधू मौर्य, दुर्गा सोनी, विजय ताम्रकार, वल्लभ राव, किशोर राय, कमल सोनी महापौर पद के दावेदार थे। इसमें से किसी को उम्मीदवार नहीं बनाया गया। भाजपा ने श्रीमती पूजा विधानी को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। किशोर राय को तो पार्षद का भी टिकिट नहीं मिला। **टिकट वितरण में जमकर चली गुटबाजी** : यह भी चर्चा होती रही कि बार- बार सूची बदलकर वरिष्ठ नेता कांग्रेस का ही मजाक उड़ा रहे हैं। पार्षद रहे पंचराम सूर्यवंशी की पत्नी सुखवती सूर्यवंशी का नाम न होने से नाराज होकर उसने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि मेयर रामशरण यादव ने वार्ड पार्षद के लिए जितने भी नाम दिए थे, उनमें किसी भी कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया गया। जबकि, टिकट वितरण में पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय और जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी अपनी पसंद के दावेदारों को टिकट दिलाने में कामयाब रहे। इसी तरह कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव भी अपने चहेते नेता व कार्यकर्ताओं को पार्षद प्रत्याशी बनाने में सफल रहे। इस बीच प्रत्याशी चयन को लेकर गुटबाजी चलाने के आरोप भी लगते रहे। यह भी कहा जा रहा है कि पहली 40 सूची के बाद एक साथ 70 वार्ड के प्रत्याशियों की दोबारा सूची जारी की गई, जिसमें पहली सूची से कई नाम गायब हो गए। इसके बाद देर रात आठ पार्षदों की एक संशोधित सूची जारी की गई। बताया जा रहा है कि इस सूची में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समर्थकों के नाम को शामिल किया गया था।

### मेयर-पार्षद के दावेदार...

प्रत्याशी से नाराज चल रहे 14 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों ने इस्तीफा सौंप दिया और आप पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस ने सोमवार को जैसे ही 40 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों का नाम घोषित किए विरोध के स्वर उठने लगे। दावेदार बगावत करते हुए कांग्रेस भवन तक पहुंच गए। टिकट कटने से नाराज तय्यब हुसैन ने कांग्रेस भवन पहुंच कर हंगामा किया। इसके बाद कांग्रेस ने लिस्ट संशोधित की। इसमें एक साथ 70 वार्ड में प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गई, जिसमें कई दावेदारों के नाम काट दिए गए। पहली सूची में नाम होने और दूसरी सूची में नाम गायब होने के बाद नाराजगी और बढ़ गई। जिसके बाद देर शाम 8 वार्डों की फिर से संशोधित सूची जारी की गई। इसमें भी वार्ड पार्षद के लिए नए नाम जुड़ गए। इसके चलते रात तक कांग्रेस में असमंजस की स्थिति बनी रही।

### 14 पार्षद प्रत्याशियों ने...

प्रत्याशी का चयन किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की तरफ से सर्वसम्मति से केवल नीलम विजय वर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया था। लेकिन, ऐन वक्त पर पार्टी ने प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को भरोसे में लिए बिना ही विमला सुनील साहू के नाम की घोषणा कर दी है। नीलम विजय वर्मा की टिकट काटे जाने से नाराज प्रत्याशियों ने पार्टी आलाकमान को व्हाट्सएप के जरिए अपना लिखित इस्तीफा देते हुए यह घोषणा की है कि अब वे कांग्रेस पार्टी के बैनर तले नहीं बल्कि निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। अगर, ऐसा हुआ तो नगर पालिका में कांग्रेस के लिए मुसीबत की स्थिति बन जाएगी।

### मेयर में हारे, पार्षद...

सरोज पांडेय की पसंदीदा कुमुद बघेल भी मेयर और पार्षद की टिकट से चुक गई। इसी तरह से कांग्रेस में पूर्व मेयर की पत्नी सरस्वती वर्मा जो एमआईसी की सदस्य रही हैं। सबसे बड़ी चोट उन्हें लगी है। उनका वार्ड सामान्य था। हालांकि उनके पति आरएन वर्मा को वार्ड 26 से पार्षद की टिकट मिली, लेकिन मेयर की लड़ाई लड़ रही उनकी पत्नि सरस्वती वर्मा को मेयर का टिकट अंत तक नहीं मिल पाया और वे सामान्य सीट होने के बाद भी पार्षद चुनाव तक नहीं लड़ पाई।

### कुछ कामयाब और ...

दिनेश पाणिग्राही, अनिल लुंकड़, मनीष पारख, दीप्ति पाण्डेय थे। वहीं रामाश्रय सिंह को जिलाध्यक्ष नहीं बनाया गया, इसलिए महापौर का वे भी दावेदार थे, लेकिन मदरटेरेसा वार्ड से उनके पुत्र को टिकट दिया गया। भाग्यशालियों में सुरेश गुप्ता, योगेन्द्र पाण्डेय और नरसिंग राव जो पार्षद का टिकट पाने में कामयाब हुए। वहीं कांग्रेस की बात करें तो पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, राजीव शर्मा, सुशील मौर्य, अतिरिक्त शुक्ला की भी महापौर पद के लिए दावेदारी थी, लेकिन वे चूक गए। वहीं सुनीता सिंह महापौर के लिए मांगा था टिकट लेकिन पार्टी ने पार्षद का फिर से उन्हें प्रत्याशी बना दिया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

मामला क्रमांक 202406132200021अ/70
वर्ष 2023-24

हरीश कुमार पिता भुनेश्वर सिन्हा
निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड धमतरी
तहसील व जिला धमतरी छ.ग.
आवेदक..............

बनाम

1. दिलीप चंद्राकर पिता बजरंग चंद्राकर जाति कुर्मी
2. सालिक पिता जयलाल
3. चंद्रहास पिता शंकर
4 तुलसी पिता जयलाल
5. छन्नू पिता छबीलाल
6. राजेश पिता गंगाप्रसाद उपाध्याय (शर्मा)

सभी निवासी ग्राम दोनर तहसील व जिला धमतरी
अनावेदकगण..............

एतद द्वारा अनावेदक क्रमांक 6 राजेश पिता गंगाप्रसाद निवासी ग्राम दोनर तहसील व जिला धमतरी एवं अन्य के विरूद्ध न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी के समक्ष आवेदित भूमि खसरा नंबर 1264 रकबा 0.28 हे. सीमांकन प्रतिवेदन के आधार पर कब्जा दिलाये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है जिसमें आप अनावेदक क्रमांक 6 के उपस्थिति अनिवार्य है उपर्युक्त मामले की सुनवाई दिनांक 31.01.2025 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी पर होगी।

अतः आप अनावेदक क्रमांक 6 इस न्यायालय की उक्त प्रकरण की सुनवाई तिथि 31.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवें। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण दोष के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// नजूल मामले में नोटिस का प्रकाशन //**

नजूल प्रकरण क्रमांक
202407115000038 अ-20 (3)
वर्ष 2023-24

क्रमांक / 61/ वा./ न.अ./2025
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/01/2025

प्रति,

1. भगवती प्रसाद नायक आत्मज श्री कपिलनारायण नायक निवासी ग्राम भुरसुदा तहसील तिल्दा- नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)
2. संजय पटेल पिता रामजी पटेल निवासी पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक गण 1. रवि वर्मा 2. शशिकांत वर्मा दोनो पिता दयाराम वर्मा 3. छाया वर्मा पति दयाराम वर्मा निवासी चौबे कालोनी कालड़ा नर्सिंग होम के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से नामांतरण अंतर्गत धारा 110 भू-राजस्व संहिता की धारा के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 06/02/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

मुहर

नजूल अधिकारी
तिल्दा-नेवरा

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

क्र./2765/ न.पा.प./2024-25 — जामुल, दिनांक 28/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / मान्यता प्राप्त संस्था से पंजीकृत निर्माता से निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | भरे हुए निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01. | 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत 01 कार्य | 10.48 | 18/02/2025 |
| 02 | विधायक निधि अंतर्गत 01 कार्य | 10.00 | |

1. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, जल व्यर्थ न बहाये।-
-करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि.नं. 1721362
कॉपीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** - आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** - आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** - अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5761



मंगल सैनाचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5760 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 5772

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5771 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

संस्कृति
डा नीलकंठ देवांगन

## बिहाव के बेरा के नेग आय डहर छेकउनी



बिहाव म भावर, टिकावन, पानी ग्रहण नेग होथे। भावर परत बेरा दुल्हा के हाथ ऊपर दुल्हीन के हाथ होथे। दुल्हीन के भाई ह ओखर हाथ में लाई देथे आऊ वोह छोड़ाथे। माईलोगन जब दुल्हीन ल देवता घर में लेगत रहीथे त सुहासिन मन रद्दा रोक के खड़ा हो जथे। दुल्हा पक्ष के पगरइत ह ओ मन ल कुछ नेग देथे तभे ओ मन भीतर जाथे। ओहि ल डहर छेकउनी कहे जाथे। भावर परे के बेरा सिल म सुपारी, हरदी सन चाउर के सात ढेरी रखे होथे। एक भावर घूमे के बाद दुल्हा ह दुल्हीन के गोड ल हाथ ले उठा के एक ढेरी ल गिरा देथे। अइसने सात भावर घूम के गिराए जाथे। एकर पहली जतका नेग होथे वोकर ले आंचलिक संस्कृति के कोनो न कोनो पक्ष समाहित रहीथे। ये सब संस्कार ह एक दुसर ल समझ के एक होय के संदेश देथे। दु परिवार ला सबर दिन बर एक होय के भाव ल प्रगट करथे। यही वजह आय कि हमर अंचल के सबो नेग ल विधि विधान ले करे जाथे।

ऐतिहासिक
डा रामकुमार बेहार

## महाशिवगुप्त प्रथम का शासन काल



सोमवंश के शासन काल के दौरान जनमेजय का पुत्र महाशिवगुप्त प्रथम के नाम से इस परम्परा को आगे बढ़ाया। उसने विनीतपुर का नाम बदल कर ययाति नगर कर दिया होगा। इसका शासन काल 30 से 35 वर्ष का माना जाता है। इस वंश का यह तीसरा शासक था, जो प्रचंड शक्ति, अदम्य साहस और अद्वितीय शौर्य का प्रतीक था। यह पश्चिमी दक्षिणी कोसल को छोड़ पूर्वी कोसल में आ गए थे, तथा अधिकांश हिस्सों को अपने कब्जे में कर लिया था। कलिंग, कोगोडा, उत्कल और कोसल प्रदेश का वह स्वयं स्वामी बन गए थे। महाशिवगुप्त ययाति की चेदी शासकों से सामना हुआ और शासकों ने अपनी सीमाओं की पूरी ताकत और सफलता से अक्षुण्ण बनाया। जब डहाल के चेदी शासक के सेनापति भट्टपेड़ी ने कोसल की सीमाओं को चिल्फी घाटी से घुस कर ललकारा और वीभत्स कार्य किया तो महाशिवगुप्त ययाति ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया और ऐसा सबक सिखाया कि आने वाले लगभग 100 वर्षों से अधिक समय तक उनका प्रवेश असंभव हो गया। ययाति ने भौमकरो के राज्य पर अधिकार कर ओदु तथा दक्षिण तोसली पर सोमकुल का अधिकार 924 से 940 तक आंका गया है। राज्य सीमा के अंतर्गत पूरा ओडिशा आ गया। ययाति सोमवंश कुल के गौरव को आगे बढ़ाया तथा साम्राज्य का विस्तार किया।

पुस्तक समीक्षा

## भरम के नाव टोनही




कृति के नाव
भरम के नाव टोनही

लेखक
बंधु राजेश्वर खरे

प्रकाशक
नियोगी बुक्स नई दिल्ली

पुस्तक समीक्षा
डा परदेशी राम वर्मा

मूल्य
230 रुपए

मेरी मां जिसे हम दांई कहते थे उनके पास लोककथाओं का अपूर्व भंडार था। छुटपन में उनसे सैकड़ों कहानियां हमने सुनी। ऐसी ही एक ऐसी किताब राजेश्वर खरे कि जिसमें दाई से सुनी 21लोककथाएं हैं। राजेश्वर खरे बंधु उपनाम से प्रख्यात हैं। वे भी अपनी दाई से कथाएं सुनकर जवान हुए होंगे ऐसा उनके इस कथा संग्रह भरम के नाव टोनही को पढ़कर लगा। बंधु के इस संग्रह की सभी लोककथाओं में अंधविश्वास ,सामंती शोषण,आम जन पर अत्याचार की प्रचलित कहानियां हैं। इन अत्याचारों को झेलकर दबा कुचला गरीब छत्तीसगढ़ी किस तरह जी लेता था। समाज में एकता कायम कर शोषण की चक्की में पिसने वाले कैसे एकजुट होकर समाज में भेद भय फैलाने वालों को नसीहत देते थे, यह सब बातें इन कहानियों में है। विष्णु शर्मा जैसे विद्वान द्वारा लिखित कथा सरित्सागर किताब की कहानियों से होड़ लेती ये प्रचलित छत्तीसगढ़ी लोक कथाएं अद्भुत हैं। हिन्दी की पहली कहानी एक टोकरी भर मिट्टी को छत्तीसगढ़ के पेंड्रा में रहकर माधव राव सप्रे जी ने लिखी। वह कहानी छत्तीसगढ़ की लोककथा से प्रेरणा लेकर लिखी गई। छत्तीसगढ़ के समर्थ लेखक, दृष्टि सम्पन्न समाज सेवी , पूर्व जिला पशु-चिकित्सक, जनवादी रचनाकार भाई बंधु ने भरम के नाव टोनही लिखकर बड़ा काम किया है।



सुरताः कांति कुमार जैन

# कोरिया रियासतकाल में ठाकुर रामसुमेर सिंह का योगदान

कोरिया रियासत के राजा रामानुज प्रताप सिंह देव के शासन काल में ठाकुर रामसुमेर सिंह हिन्दी के शिक्षक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक थे। आप मैट्रिक के छात्रों के अध्यापक रहे।आप राष्ट्रीय विचारधारा के बाबूराव विष्णु पराड़कर से परिचित थे। आप हमेशा सादगी से रह कर जन कल्याण के कार्यों में भी रुचि लेकर काम करते थे। आपकी हिन्दी में अच्छी पकड़ रही।

राजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने बैकुंठपुर से हिंदी का एक समाचार पत्र साप्ताहिक समाचार पत्र निकालने की योजना बनाई। जेल के बगल में रामानुज मुद्रणालय नाम से प्रेस खोला गया। आपकी हिन्दी के प्रति लगाव को देखते हुए इस समाचार पत्र का नाम आलोक और प्रभारी आपको बनाया गया । इसमें स्थानीय कवियों की रचनाएं भी छपने लगीं। सुमेर सिंह विद्यार्थियों की रचनाएं भी इस समाचार पत्र में छापते तथा लेखकों को प्रोत्साहित भी करते रहते थे। उस समय बिजली की व्यवस्था नहीं होती थी। लालटेन का उपयोग किया



जाता था। बैकुंठपुर में बिजली घर तो था पर बिजली केवल राजमहल और सड़कों पर थी। रेडियो के शौकीन बैटरी वाला रेडियो रखते थे। सुमेर सिंह रेडियो सुन कर आलोक समाचार पत्र के लिए समाचार एकत्र करते। ठाकुर रामसुमेर सिंह ने हिन्दी बोली और भाषा को आगे बढ़ाने में हमेशा लगे रहते थे। इस काल में अनेक विज्ञान का प्रभाव संचार के इस साधन से विस्तार होता गया। इस काल के लोगों के परवर्ती जीवन में हिंदी की विभिन्न बोलियों की विशेषताओं को जानने और समझने का जो सलीका अर्जित किया, यह ठाकुर रामसुमेर सिंह के सानिध्य का ही परिणाम है।

पौराणिक : कमल नारायण

# अनेक रहस्यों से भरा जटाशंकरी गुफा



छत्तीसगढ़ का कोरिया जिला अनेक पौराणिक काल का साक्षी बना हुआ है। यहां रामायण कालीन अनेक प्रमाण लोगों को जानने और समझने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इन विषयों पर लगातार शोध भी होते रहते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में देखें तो जिला मुख्यालय कोरिया से लगभग 32 कि मी दूर सोनहत तहसील के अंतर्गत बहरासी गांव के पास विशाल जटाशंकरी गुफा है। इस गुफा में स्थापित शिवलिंग पर बारह महीने प्राकृतिक जल से बूंद बूंद भगवान का अभिषेक होता रहता है। यह भक्तों के लिए श्रद्धा और कौतूहल का विषय आज भी बना हुआ है। इसी से लगा लक्ष्मण गुफा है, जो श्रीराम की यात्रा का प्रमाण है। इस क्षेत्र में पुलस्त्य ऋषि के प्रतापी पुत्र ऋषि निदात का लंबे समय से निवास रहा है। भगवान श्री राम ने अपनी यात्रा के दौरान ऋषि निदाध से भेंट की और कुछ काल तक सीताजी और लक्ष्मण जी के साथ श्री राम ने निवास किया।

परंपरा
डा ज्योति किरण चंद्राकर

## शिशु जन्म पर बरही का आयोजन

छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाली जातियों में शिशु जन्म के बारहवें दिन बरही किया जाता है। पूर्व समय में बरही के दिन नाईन द्वारा प्रसूता व बच्चे को नहलाया जाता था, धोबन द्वारा कपड़ों को धोया जाता था। बरही नहाने के बाद ही प्रसूता रसोई या देव कक्ष में प्रवेश कर सकती थी। बरही के दिन प्रसूता के मायके वालों द्वारा प्रसूता और बच्चे के लिए वस्त्र, चादर, साबुन, कपड़े, श्रृंगार सामग्री, तिल का लड्डु, रखिया बड़ी, घी, सूखा मेवा, दवाई लड्डु लाया जाता था। पूर्व समय में बरही नहाने के पश्चात उसी दिन काजल संस्कार किया जाता था। उसी दिन परिवार की स्त्रियां कांके पानी के घड़े को तालाब में विसर्जित करती थीं। काजल संस्कार करते समय परिवार की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा सोहर गीत गाया जाता था।

वर्तमान समय में बरही नहाने की प्रथा का प्रचलन कम हो रहा है। देहातों में अभी भी यह प्रथा देखने को मिल जाती है, लेकिन शहरों में यह प्रथा अब देखने को नहीं मिलती। उसी तरह सोहर गायन की प्रथा भी अब कम देखने को मिलता है। अब बदलते परिवेश में लोग लाउड स्पीकर से, मिठाई खिला कर, पटाखे जला कर, मोबाइल में संदेश भेज कर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं।




गांव की कहानी
डा संतराम देशमुख

# पाट पर बसा जशपुर नगर

इब व मैनी नदियों की सपाट उत्तर के पठारी एवं पाट भूमि को जशपुर पाट कहा जाता है। उत्तर का यह संपूर्ण भाग 4300 वर्ग कि मी है। यह एक पाट प्रदेश है, जो महानदी के मैदानषमें ऊपर छोटा नागपुर के पठार में मिल जाता है। इस पाट प्रदेश का धरातल सीढीनुमा है, जिसमें कई स्थान समतल होते हुए भी तीव्र ढालों द्वारा एक दूसरे से पृथक हैं। इब और मैनी तल के उत्तर में एक तीव्र ढाल है। यह लगभग 100 मीटर ऊंचा है।

पाट एक स्थानीय नाम है जिसका अभिप्राय पुरानी समप्राय भूमि से है जिनका उत्थान होने से यह ऊंची हो गई है। जशपुर तहसील में मैनी नदी के उत्तर का क्षेत्र जशपुर पाट है। जशपुर पाट प्रदेश सीढीदार और विच्छेदित पठार है। यह विभिन्न अवस्थाओं का फल है। पहली अवस्था में विभिन्न शैलों में प्रदेश का निर्माण हुआ, दूसरी अवस्था में अपरदन के कारण समप्राय भूमि निर्मित हुई। तीसरी अवस्था में यह क्षेत्र कई टुकड़ों में विभक्त हुआ तथा विभिन्न ऊंचाइयों में उठ गया, इसमें पाट निर्मित हुआ। वर्तमान में नदियां इन पाटों को तथा इन्हें पृथक करने वाले तीव्र ढालों को अपरदित कर विच्छेदित कर रही हैं। इस पाट प्रदेश का अपवाह महानदी की शाखा इब नदी, ब्राह्मणी की शाखा, शंख नदी तथा गंगा की शाखा, सोन की उपशाखा कन्हार नदी द्वारा होता है। पाट का ढाल वाला भाग वनों से एवं संकरी पाट वाला क्षेत्र कृषि योग्य भूमि से ढका है। पाट पर जशपुर नगर बसा है।







# खेल कुंभ : 36 खेलों में 9800 खिलाड़ी 450 गोल्ड के लिए भिड़ेंगे

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, 38वें राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में रंगारंग आगाज

ललित राठोड़ ▶▶| देहरादून

38वें नेशनल गेम्स का मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। राजीव गांधी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों के खिलाड़ी के परेड ऑफ स्टेट्स में हिस्सा लिया। पीएम मोदी जैसे स्टेडियम में पहुंचे तो लोगों में खास उत्साह नजर आया।। स्टेडियम में मोदी मोदी के नारे गूंजे। वहीं, जय श्री राम के नारे भी लगे। प्रधानमंत्री ने गाड़ी में बैठकर मैदान के चारो ओर घूमकर दर्शकों का अभिवादन दिया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूदा रहे। समारोह में राज्य के अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन प्रधानमंत्री को मशाल सौंपा जिसके बाद एथलीट्स परेड की खेलों के शुभंकर मौली की अगुवाई में बैंड शुरू हुआ। सबसे पहले सैनिक स्कूल खोड़ा खाल का बैंड आया। परेड में सभी राज्यों के एथलीट्स शामिल हैं। जिसमें सबसे पहले अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़ की टीम रही। इसके बाद छत्तीसगढ़ का 294 दल आया।

- पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल और पवनदीप राजन ने बिखेरा सुरों का जादू
- छत्तीसगढ़ ने भी अपने 294 खिलाड़ियों का दल भेजा है

### शिव तांडव नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत

शिव तांडव नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उससे पहले मैं हिमालय हूं की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। हिमालय के वर्णन के बाद स्टेडियम के बीच बने हिमालय पर्वत पर लाइटिंग से शिव तांडव स्त्रोत हुआ। इस दौरान उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और परंपराओं की विशेष झलक देखने को मिली। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



### ग्रीन गेम्स की थीम पर होंगे खेल

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि 10 हजार से अधिक खिलाड़ी 35 खेलों में प्रतिभाग करेंगे। आयोजन में सौर ऊर्जा का प्रयोग होगा और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम होगा। ग्रीन गेम्स की थीम रहेगी। पीएम ने कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति हो, राम मंदिर हो, यूसीसी हो, जैसे कई संकल्प को पूरे करने का कार्य किया है। हम राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ प्रत्येक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर काम कर रहे हैं।

### खिलाड़ी मुझे प्रधानमंत्री नहीं परम मित्र मानते हैं

पीएम ने कहा- 'देवभूमि आज और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये उत्तराखंड का 25वां वर्ष है। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के गीन गेम्स भी हैं। इनमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का उपयोग हो रहा है। अभी कुछ दिन पहले हमारी खो-खो टीम ने वर्ल्ड कप जीता है। चेस में गुकेश सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए पूरा जोर लगा रहा है। उन्होंने कहा को खिलाड़ी मुझे प्रधानमंत्री नहीं परम मित्र मानते हैं।

### ये राज्य ले रहे भाग

प्रदेश में होने जा रहे राष्ट्रीय खेलों में आंध्र प्रदेश से 294, अंडमान निकोबार से 28, अरुणाचल प्रदेश से 43, असम से 301, बिहार से 196, चंडीगढ़ से 205, छत्तीसगढ़ से 294, दादर एवं नगर हवेली से 13, दिल्ली से 633, गोवा से 172, गुजरात से 354, हरियाणा से 207, जम्मू कश्मीर से 47, झारखंड से 201, कर्नाटक से 681, केरल से 596, मध्य प्रदेश से 472, महाराष्ट्र से 882, मणिपुर से 347, मेघालय से 53, मिजोरम से 74, नागालैंड से 10, उड़ीसा से 423, पांडिचेरी से 56, पंजाब से 479, राजस्थान से 511, सिक्किम से 33, तमिलनाडु से 624, त्रिपुरा से 20, उत्तर प्रदेश से 393, पश्चिम बंगाल से 411, तेलंगाना से 282, लद्दाख से 7 सर्विस एन्ड स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड से 437 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला टीम तुर्किये में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान जॉर्डन, हांगकांग और रूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में यह टीम वर्तमान में बेंगलुरु में अभ्यास कर रही है। टीम 19 फरवरी को जॉर्डन से भिड़ेगी, उसके बाद 22 फरवरी को हांगकांग से और 25 फरवरी को अंतिम मैत्री मैच में रूस का सामना करेगी। भारत की अंडर-20 महिला टीम को इस साल जुलाई में होने वाली सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप और अगस्त 2025 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर (2026) जैसे अहम टूर्नामेंटों में खेलना है।

### बैंकॉक में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय मुक्केबाज

**बेंगलुरू।** तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे। 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स' और 'ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स' द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे। भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे।

### रॉयल्स की रिकॉर्ड जीत डीएसजी बाहर

**पार्ल।** पार्ल रॉयल्स ने एसए20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती।

## इंग्लैंड के हाथों 26 रन से मिली पराजय

# बल्लेबाज फिर हुए फ्लॉप, भारत को हराकर इंग्लैंड ने श्रृंखला में की वापसी

- श्रृंखला में मेजबान टीम भारत 2-1 से आगे
- भारतीय टीम नौ विकेट गवाकर मात्र 145 रन बना पाई
- टीम इंडिया की और से हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 40 रन बनाए

एजेंसी ▶▶| राजकोट

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण भारत को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड के हाथों 26 रन से पराजय का सामना करना पड़ा हालांकि पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम अभी भी 2-1 से आगे है ।

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी ।

हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 40 रन बनाए लेकिन इसके लिए उन्होंने 35 गेंद खेल डाली। इंग्लैंड के लिए पावरप्ले में जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड प्रभावी रहे तो बीच के ओवरों में लेग स्पिनर आदिल रशीद ने दबाव बनाया । पहले दो मैच में आर्चर के सामने सहज होकर नहीं खेल सके संजू सैमसन छह गेंद में तीन रन बनाकर फिर इसी गेंदबाज का शिकार हुए।



### कप्तान सूर्या ने सस्ते में गंवाया विकेट

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 14 गेंद में 25 रन बनाए लेकिन ब्रायडन कार्स ने उन्हें पवेलियन भेजा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सात गेंद में 14 रन बनाए और वह वुड की गेंद पर गलत शॉट खेलकर एक बार फिर सस्ते में विकेट गंवा बैठे ।

### शमी की 14 माह बाद शानदार वापसी

इससे पहले मोहम्मद शमी ने 14 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की लेकिन वरूण चक्रवर्ती ने फिरकी का जादू बिखेरते हुए पांच विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 171 रन पर रोक दिया ।

### चक्रवर्ती ने 24 रन पर पांच विकेट चटकाए

रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिए जबकि चक्रवर्ती ने चार ओवर में 24 रन देकर पांच विकेट चटकाए। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने अच्छी शुरूआत की। इस श्रृंखला में भारतीय स्पिनरों को खेल पाने में नाकाम रहे इंग्लैंड के लिये डकेट ने दूसरा अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का अभिषेक बो हार्दिक | 05 | 7 | 1 | 0 |
| बेन डकेट का अभिषेक बो अक्षर | 51 | 28 | 7 | 2 |
| जोस बटलर स्टं. सैमसन बो चक्रवर्ती | 24 | 22 | 1 | 1 |
| हैरी ब्रूक बो बिश्नोई | 08 | 10 | 0 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टोन का जुरेल बो हार्दिक | 43 | 24 | 1 | 5 |
| जेमी स्मिथ का जुरेल बो चक्रवर्ती | 06 | 4 | 0 | 1 |
| जेमी ओवर्टन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| ब्राइडन कार्स का तिलक बो चक्रवर्ती | 06 | 4 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर बो चक्रवर्ती | 00 | 2 | 0 | 0 |
| आदिल रशीद नाबाद | 10 | 9 | 1 | 0 |
| मार्क वुड नाबाद | 10 | 10 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 11 | | | |

कुल योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन

विकेट पतन: 1-7 , 2-83, 3-87, 4-108 , 5-115 , 6-115 , 7-127, 8-127, 9-147

**गेंदबाजी :** शमी 3-0-25-0, हार्दिक 4-0-33-2, सुंदर 1-0-15-0, चक्रवर्ती 4-0-24-5, बिश्नोई 4-0-46-1, अक्षर 3-0-19-1, अभिषेक 1-0-4-0

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का रशीद बो आर्चर | 03 | 6 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का आर्चर बो कार्स | 24 | 14 | 5 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव का सॉल्ट बो वुड | 14 | 7 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा बो रशीद | 18 | 14 | 1 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का बटलर बो ओवर्टन | 40 | 35 | 1 | 2 |
| वॉशिंगटन का बटलर बो ओवर्टन | 06 | 15 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल का रशीद बो आर्चर | 15 | 16 | 2 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का सॉल्ट बो कार्स | 02 | 4 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी का ब्रुक बो ओवर्टन | 06 | 4 | 0 | 1 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 01 | 3 | 1 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 05 | 2 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त: | 12 | | | |

कुल योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन

विकेट पतन: 1-16, 2-31, 3-48 , 4-68 , 5-85, 6-123, 7-131, 8-140, 9-140

**गेंदबाजी:** आर्चर 4-0-33-2, वुड 3-0-29-1, कार्स 4-0-29-2, लिविंगस्टोन 1-0-11-0, रशीद 4-0-15-1, ओवर्टन 3-0-15-1

## क्रिकेट

# एमेलिया केर बनीं आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने मंगलवार को प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया जब उन्हें 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।

चौबीस साल की एमेलिया ने लॉरा वोलवार्ट, चामरी अटापट्टू और अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया। अमेलिया ना केवल राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी हैं, बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी भी हैं। पूरे साल के दौरान अमेलिया ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा जबकि लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया। एमेलिया ने कई मौकों पर गेंद से अपनी टीम के लिए मैच विजेता की भूमिका निभाई।

### राशेल हेहोई ट्रॉफी अमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को

पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी को अमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को दिया गया है जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं। इन तीनों ने दो-दो बार यह पुरस्कार जीता है।

# तृषा की शतकीय पारी से भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

- अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़ा तृषा ने


सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' तृषा पहले विकेट के लिए कमालिनी जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रुप एक के इस मैच से पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम ने 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया।



### भारतीय गेंदबाजों ने नहीं दिया कोई मौका

स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

# कोहली ने दिल्ली की टीम के साथ ट्रेनिंग की, लंच में 'कढ़ी-चावल' खाया



**नई दिल्ली।** विराट कोहली की काली पोर्श कार सुबह ठीक नौ बजे जब यहां फिरोजशाह कोटला मैदान के 'वीरेंद्र सहवाग गेट' से अंदर आई तो यह दिल्ली के इस स्टार बल्लेबाज के लिए घर वापसी जैसा था जो 12 साल से अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों ने उन्हें केवल टीवी पर देखा था और यह कहानियां सुनते हुए बड़े हुए थे कि कैसे 'चीकू' भारतीय क्रिकेट का 'किंग' बन गया। सोमवार को वह अपने घरेलू मैदान पर लगभग तीन घंटे तक रहे और उन्होंने अपने आसपास के सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अभ्यास सत्र के बाद जो खाया वह उनका पुराना पसंदीदा व्यंजन है। अधिकारी ने खुलासा किया, ''अभ्यास के बाद पुराने समय की तरह कढ़ी-चावल खाया सभी के साथ।''

IFFDC
Preserving Nature . Nurturing Lives
इंडियन फार्म फारेस्ट्री डवलपमेंट को-आपरेटीव लि.
एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, पानी की टंकी के पास, भोपाल (म.प्र.)
दिनांक : 28.01.2025
निविदा सूचना
हमारी संस्था आई.एफ.एफ.डी.सी. को रायपुर (छ.ग.) संभाग के पंजीकृत बीज उत्पादकों से मात्रा 11000 क्विं. धान बीज क्रय करना है, इस हेतु निविदा फार्म 28.01.2025 को प्रातः 12.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03.00 बजे निविदाऐं खोली जानी प्रस्तावित था। परन्तु इस निविदा की अवधि दिनांक 04.02.2025 तक बढ़ाई जाती है। अब यह निविदा दिनांक 04.02.2025 को प्रातः 12:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे खोली जायेगी। इसलिये इच्छुक पार्टियां निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उपरोक्त पते पर प्राप्त कर सकती है।
परियोजना प्रबंधक
आई.एफ.एफ.डी.सी., भोपाल




# नेमार से आपसी सहमति से समाप्त किया अनुबंध

एजेंसी ▶▶| रियो दि जिनेरियो



सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा।

आई.सी.एम.आर.- भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र
ICMR - BHOPAL MEMORIAL HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government. of India
रायसेन बायपास रोड, भोपाल-462038 (म.प्र.) | Raisen Bypass Road, Bhopal - 462038 (M.P.)
Phones:- +91 755 2742212-16, FAX:- +91 755 2748309, Email: recruitmentbmhrc@gmail.com, Website : www.bmhrc.ac.in
icmr INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
BMHRC BHOPAL MEMORIAL HOSPITAL & RESEARCH CENTRE

रिक्तियाँ
दिनांक : 22.01.2025

| सं. क्र. | विज्ञापन क्र. | पद | समेकित पारिश्रमिक | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 158/BMHRC/ Bhopal /2024 07.10.2024 Rolling Advertisement | **संविदा आधार पर प्रोफेसर** – कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, मनोचिकित्सा, रेडियोलॉजी । | रू. 2,20,000 प्रति माह | निरंक |
| | | **संविदा के आधार पर एसोसिएट प्रोफेसर** – कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, जीआई मेडिसिन, जीआई सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पल्मोनरी मेडिसिन, रेडियोलॉजी, यूरोलॉजी। | रू. 1,40,000 प्रति माह | |
| | | **संविदा के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर** – कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, जीआई मेडिसिन, जीआई सर्जरी नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पल्मोनरी मेडिसिन, रेडियोलॉजी, यूरोलॉजी। | रू. 1,20,000 प्रति माह | |
| 2. | 164/BMHRC/ Bhopal/2024 12.11.2024 Rolling Advertisement | **सीनियर रेजिडेंटः** एनेस्थीसियोलॉजी, ऑपथैल्मोलॉजी, पैथोलॉजी,रेडियोलॉजी। **मेडिसिन ग्रुप**– हृदय रोग, जी.आई.मेडिसिन, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, पल्मोनरी मेडिसिन । **सर्जरी समूह**– सी.टी.वी.एस., जी.आई.सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी । | रू. 67700 + एनपीए + 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर-11 में महंगाई भत्ता + भारत सरकार के नियमों के अनुसार स्वीकार्य अन्य भत्ते। | निरंक |

विज्ञप्ति, योग्यता, निर्धारित आवेदन प्रारूप, नियम, एवं शर्ते आदि का विवरण संस्थान की वेबसाइट www.bmhrc.ac.in पर उपलब्ध है। निदेशक भो.स्मा.अनु.के. भोपाल के पास कोई कारण बताए बिना रिक्तियों को रद्द/बदलने का अधिकार सुरक्षित है ।

**नोट :** अधिक जानकारी और किसी भी संशोधन/शुध्दिपत्र के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें ।


# दुनिया में 7 नहीं, 6 ही महाद्वीप का दावा, वैज्ञानिकों की नई स्टडी रिपोर्ट के बाद बदल जाएगा भूगोल?

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्कूलों से लेकर कॉलेज तक यही पढ़ाया जाता रहा है, कि दुनिया में 7 महाद्वीप हैं, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अंटार्कटिका और ऑस्ट्रेलिया हैं। लेकिन, अब एक नई स्टडी रिपोर्ट में महाद्वीपों को लेकर अलग ही दावा किया गया है। दावा किया गया है, कि पृथ्वी पर 7 नहीं, बल्कि 6 ही महाद्वीप हैं। अगर इस दावे पर वैज्ञानिकों के बीच एक राय बनती है, तो फिर भूगोल की किताबों को नए सिरे से लिखना होगा! दरअसल, भूवैज्ञानिकों ने लंबे समय से उत्तरी अमेरिका और यूरोप को अलग-अलग महाद्वीपों के रूप में मान्यता दी है, लेकिन नई स्टडी में पता चला है कि दुनिया में महासागरों की सतह के नीचे काफी जटिल स्थितियां हो सकती हैं।

### क्या पृथ्वी को फिर से बांटना पड़ेगा?

कई वैज्ञानिकों का ये भी मानना है, कि स्टडी से जो नई जानकारी मिल रही है, वो भविष्य में पृथ्वी को महाद्वीपों में बांटने के हमारे तरीके को प्रभावित कर सकते हैं। इस स्टडी रिपोर्ट को करने वाले रिसर्चर्स की टीम के एक रिसर्चर डॉ. डॉर्डन फेथेन, जो डर्बी यूनिवर्सिटी में अर्थ साइंस के लेक्चरर हैं। उन्होंने आइसलैंड की ज्वालामुखी की परतों के नीचे क्या है, इस सब्जेक्ट पर रिसर्च किया है और उनकी मदद स्विट्जरलैंड, इटली और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने किया है।



### एक नई विशेषता का लगा पता

स्टडी के दौरान वैज्ञानिकों की टीम ने अफ्रीका का एक क्षेत्र, जिसे अफ्रा क्षेत्र के नाम से जाना जाता है, उसे और आइसलैंड के बनने के पीछे कई समानताएं पाई हैं। वैज्ञानिकों ने इस बात पर रिसर्च किया, कि दोनों जगहों पर दरार कैसे होती है, और इसकी जांच करने के बाद उन्होंने एक नई विशेषता का पता लगाया, जिसे रिफ्टेड ओशनिक मैग्मैटिक पठार या ROMP कहा जाता है।



### सिर्फ 6 ही महाद्वीप हुए तो क्या असर होगा?

अगर भविष्य में वैज्ञानिकों के बीच सात की जगह सिर्फ 6 महाद्वीप को लेकर ही सहमति बनती है, तो इसका सबसे बड़ा असर ये है, कि प्राकृतिक संसाधनों की खोज प्रभावित हो सकती है। खासतौर पर जीवाश्म ईंधनों को लेकर, क्योंकि इनका निर्माण प्लेटों के खिसकने से होता है। कई इंडस्ट्री में सालों से ड्रिलिंग और सर्वेक्षण के लिए प्राचीन दरार को लेकर जो हमारी समझ है, उसका ही इस्तेमाल करते आए हैं। लेकिन, दूसरी तरफ इसको लेकर अगर और ज्यादा जानकारी मिलती है, तो इससे भूकंप और ज्वालामुखी को लेकर और पक्की समझ विकसित हो सकती है। वैज्ञानिक इससे उन क्षेत्रों में और गहराई से पता लगा सकते हैं कि किन जगहों पर ज्यादा जोखिम हो सकती है।


### पृथ्वी के महाद्वीपों को लेकर शुरू हुआ विवाद?

इस स्टडी से पता चला कि उत्तरी अमेरिका और यूरेशियन प्लेटें अभी भी पूरी तरह से अलग नहीं हुई हैं, जबकि पहले वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया था कि करोड़ों साल पहले ही ये अलग-अलग हो चुके हैं। लेकिन, नई स्टडी से पता चला है, कि विभाजन की ये प्रक्रिया अभी भी जारी है। डॉ. डॉर्डन फेथेन और उनकी टीम की तरफ से की गई इस नई स्टडी ने वैज्ञानिकों के बीच महाद्वीपों को लेकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। क्योंकि, कई भूगर्भशास्त्रियों का अभी भी मानना है कि करीब 52 मिलियन वर्ष पहले उत्तरी अमेरिका और यूरेशियन प्लेटों का विभाजन हो चुका है। लेकिन, डॉ. फेथेन का कहना है, कि उनमें अभी भी फैलाव हो रहा है और वो अभी भी टूटने की प्रक्रिया में हैं। यानी, इस स्टडी रिपोर्ट के बाद दुनियाभर की किताबों में सालों से जो बताया गया है कि दुनिया में सात महाद्वीप हैं, उस कॉन्सेप्ट पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

## गर्मी की वजह से 2099 तक मारे जाएंगे 58 लाख लोग

**लंदन।** डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक शोधकर्ताओं ने बताया है कि साल 2015 से 2099 के बीच यूरोप में कुल 58 लाख लोगों की मौत हो जाएगी। इस शोध में सिर्फ उन मौतों को शामिल किया गया है, जो क्लामेट चेंज यानि मौसम के बदलाव की वजह से होंगी।

उनका कहना है कि गर्मी की वजह से होने वाली मौतों की संख्या ठंड की वजह से होने वाली मौतों से ज्यादा होगी। बार्सिलोना वो जगह होगी, जहां गर्मी से सबसे ज्यादा मौतें होंगी, जबकि रोम, नेपल्स और मैड्रिड इसके बाद आएंगे। रिसर्च के मुख्य लेखक ने बताया कि उनकी रिपोर्ट के नतीजे क्लाइमेट चेंज और बढ़ती हुई गर्मी को लेकर तुरंत उपाय करने पर ज़ोर देती है।




## भारत का इकलौता राज्य, जिसे अंग्रेज़ कभी नहीं बना सके गुलाम

**भारतीय जनता को खूब किया प्रताड़ित**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय विरासत और परंपरा बहुत समृद्ध रही है। यहां की सम्पन्नता का अंदाज़ा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि अंग्रेज़ों ने इसे सिर्फ लूटने के उद्देश्य से ही अपना उपनिवेश बना लिया। वे यहां पर 200 सालों तक राज करते रहे और यही वजह है कि उनके कल्चर की छाप भारतीय राज्यों पर गहरी पड़ी। हालांकि, एक राज्य ऐसा भी था, जिसने अंग्रेज़ों की गुलामी कभी नहीं की।

हम सभी जानते हैं कि अंग्रेज़ों ने किस तरह से पूरे भारत को अपना गुलाम बना लिया था और सैकड़ों साल तक इस पर शासन करते रहे। उन्होंने भारतीय जनता को खूब प्रताड़ित किया, लेकिन अपने देश का एक राज्य ऐसा भी है, जहां राज करना उनका सपना ही रह गया। वे कभी इसे अपना गुलाम नहीं बना पाए। आखिर ऐसा कैसे संभव हुआ कि ये राज्य अंग्रेज़ों के जुल्म से बचा रह गया।

### गुलाम रहा, पर अंग्रेज़ों का नहीं

अंग्रेज जहां 1608 में भारत के सूरत में पहुंचे थे। उन्होंने व्यापार करके भारतीय संसाधनों और संपत्ति को अपने देश तक पहुंचाया। धीरे-धीरे उन्होंने देश पर कब्ज़ा भी करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्हें 1947 में उन्हें भारत को छोड़ना पड़ा। भारत का गोवा राज्य उनके अधीन नहीं रहा और जब सारा देश आज़ाद हो गया, तब भी गोवा पुर्तगालियों का गुलाम रहा। वे करीब 400 साल तक भारत में रहे। जब अंग्रेज़ों ने देश छोड़ दिया, तब भी पुर्तगालियों के हाथ में गोवा रहा। 1961 में यहां से पुर्तगालियों का राज खत्म हो गया।

### अंग्रेज़ों और पुर्तगालियों के बीच कई युद्ध भी हुए

ऐसा नहीं है कि इस राज्य में संपदा नहीं थी या ये खूबसूरत नहीं था, ये तो आज भी अपनी सुंदरता के लिए पर्यटकों की नंबर वन पसंद है। हम बात कर रहे हैं समंदर के घिरे हुए बेहद खूबसूरत राज्य गोवा की। ये कभी भी अंग्रेज़ों का गुलाम नहीं रहा। ये राज्य अंग्रेज़ों के सितम से बचा रहा, उसकी वजह पुर्तगाली थे। वे अंग्रेज़ों से पहले ही साल 1498 में भारत पहुंच गए थे।वास्को डी गामा ने भारत की खोज की, उसके बाद ही पुर्तगालियों ने यहां व्यापार करना शुरू कर दिया था। इस दौरान अंग्रेज़ों और पुर्तगालियों के बीच कई युद्ध भी हुए, लेकिन कभी भी गोआ ब्रिटिशर्स के अधीन नहीं था।




## कैदियों के कमरे देख दंग हुए लोग, 5 स्टार से कम नहीं लग रहे!

**वॉशिंगटन।** आपने बचपन से सुना होगा कि अगर आप गलत रास्ते पर जाएंगे, तो जेल में जाना पड़ेगा। जेल जाना मतलब गंदा खाना और बहुत ही खराब परिस्थितियों में अपने घर से दूर रहना। सोचिए, ऐसी परिस्थिति में कौन रहना चाहेगा? हालांकि, कुछ देशों की जेल भी इतनी खूबसूरत है कि लोग देखने के बाद सोचने लगे कि अगर ऐसी जेल मिल जाए, तो अपराध करने में कुछ बुराई नहीं है। डेनमार्क की जेल में भी इंटीरियर से लेकर रहने की सुविधा बेहतरीन दिख रही है। फिर बात आती है नॉर्वे की जेल की, जो 5 स्टार होटल के कमरे से कम नहीं है।




### जेल देखकर दंग रह गए लोग

वायरल हो रहे वीडियो में दुनिया के कुछ देशों की जेलों से जुड़ी हुई जानकारी दी गई है। शुरुआत में तो क्यूबा की जेल दिखाई गई है, जो बहुत ही बुरी स्थिति में है। इसके बाद कनाडा की जेल दिखाई गई है, जो बहुत अच्छी तो नहीं, लेकिन बहुत बुरी भी नहीं है। फिर बारी आती है स्वीडन की जेल की, जिसमें साफ-सफाई के साथ-साथ किसी सुविधा की कोई कमी ही नहीं है।




## कार में बम रखकर किया विस्फोट, लोग दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



एक कार में बम रखकर ब्लास्ट करने का मामला सामने आया हे। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची। विस्फोट का पूरा मामला सीसी कैमरे में कैद हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना प्रकाश महोबिया के कार्यालय के पास की है। कोहका से कुरुद जाने वाली मुख्य सड़क पर इंदु आईटी स्कूल के पास है। कार प्रकाश महोबिया के भांजे, संजय बुंदेला की बताई जा रही है। टाइमर बम धमाका सीसी कैमरे में कैद हो गया है। जिसमें स्पष्ट रुप से दिखाई दे रहा है। जहां एक युवक चेहरा ढककर कार के पास पहुंचा। फिर युवक ने कार में बम लगा दिया। उसने बम पर टाइमर सेट किया और उसे उड़ा दिया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास के क्षेत्र तक आवाज सुनाई दी। घटना के बाद आसपास के लोग घर के बाहर आकर इधर उधर देखने लगे। घटना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा तो नहीं है। इसके लिए मौके पर सुपेला पुलिस और स्मृति नगर पुलिस पहुंचकर जांच में लिया है। विस्फोट को लेकर पुलिस कुछ बता नहीं पा रही है। विस्फोट में खबर लिखे जाने तक कोई घायल होने की खबर नहीं मिला है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com